आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 26 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-089 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सौर ऊर्जा : पर्यावरण संतुलन और वैश्विक भविष्य का गेम चेंजर

उत्तम कुमार



आज की वैश्विक परिस्थिति और पर्यावरणीय संकटों को देखते हुए सौर ऊर्जा एक प्रभावी गेम चेंजर के रूप में उभर रही है। कोयला और पेट्रोलियम जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों को लेकर दुनिया भर में जिस तरह की होड़ और संकट की स्थिति बनी हुई है, उसके मद्देनज़र सौर ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाना समय की मांग बन गई है।

पानी की कमी के गंभीर होते हालात भी हमें वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन, विशेषकर कोयले और पेट्रोलियम आधारित संयंत्रों में भारी मात्रा में जल की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही इन संसाधनों का निरंतर उपयोग वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को बढ़ा रहा है, जिसके दुष्परिणाम ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहे



हैं। सौर ऊर्जा एक स्वच्छ, नवीकरणीय और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है, जो न केवल बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा कर सकती है, बल्कि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को भी कम कर सकती है। 2015 के पेरिस जलवायु सम्मेलन में यह संकल्प लिया गया था कि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखा जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सौर ऊर्जा की भूमिका निर्णायक हो सकती है। हमारे वेद और पुराणों में भी सूर्य को ऊर्जा का स्रोत और जीवनदाता माना गया है। जैसा कि इस श्लोक में उल्लेखित है:

"ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगत्पते
अनुकंपयेमां भक्त्या, गृहाणार्घय दिवाकरः।"

अर्थात्: हे सूर्य देव, जो हजारों किरणों वाले और तेज के भंडार हैं, हे जगत के स्वामी, मुझ पर कृपा करें और मेरी भक्ति स्वीकार करें। प्राकृतिक रूप से ऊर्जा के स्रोत सूर्य से प्राप्त ऊर्जा को संग्रहीत कर प्रदूषण रहित बिजली का उत्पादन किया जा सकता है, जो भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्वच्छ और सतत रूप से पूरा करने में सक्षम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है, जहाँ प्रतिवर्ष 113 बिलियन यूनिट से अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। भारत सरकार ने 2030 तक 280 गीगावाट और 2070 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। चीन आज विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है। गांसु और किंगहाई जैसे कम आबादी वाले क्षेत्रों में आदर्श स्थितियों का लाभ उठाकर चीन ने लगभग 250 गीगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता स्थापित की है। भारत में जागरूकता तो बढ़ रही है, लेकिन आम नागरिकों तक सौर ऊर्जा की पहुंच अभी और बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री 'सूर्यघर योजना' के तहत सरकार द्वारा सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने राज्य की ओर से अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की है। अगर कोई उपभोक्ता 1 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगवाता है, तो उसे कुल ₹45,000 की सहायता मिलेगी — जिसमें ₹30,000 केंद्र और ₹15,000 राज्य सरकार देगी। 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले संयंत्रों पर ₹1,08,000 तक की सहायता दी जाएगी। यह योजना खास तौर पर मध्यमवर्गीय और निम्न आयवर्ग के उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी साबित होगी। छत्तीसगढ़ के अनेक दुर्गम इलाकों में बिजली पहुंचाना तकनीकी और भौगोलिक दृष्टि से कठिन है। वहां सौर ऊर्जा एक व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान हो सकता है। यह न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत के जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रयासों में भी योगदान देगा। निष्कर्षतः, सौर ऊर्जा आज केवल एक तकनीकी विकल्प नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक सशक्त कदम है। इसके विस्तार और जन-सहभागिता से ही एक स्वच्छ, सुरक्षित और ऊर्जा संपन्न भारत की नींव रखी जा सकती है।

## राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर चीन-पाक को लताड़ा, संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार



**नई दिल्ली,26 जून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के क्रिंगदाओ में आयोजित एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इस बयान से आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत का रुख कमजोर हो जाता। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं करने का असर यह हुआ कि आतंकवाद के मुद्दे पर मतभेद के कारण एससीओ ने संयुक्त बयान जारी नहीं किया। एससीओ शिखर सम्मेलन में चीन, रूस, पाकिस्तान और भारत सहित संगठन के दस सदस्य देशों के रक्षा नेता शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सदस्य देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बताया जा रहा है कि राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से भी मुलाकात नहीं की।

राजनाथ सिंह ने बैठक में आतंकवाद को स्टेट पॉलिसी टूल के रूप में इस्तेमाल करने की कड़ी निंदा की। उनका इशारा पाकिस्तान की ओर था। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले जैसी आतंकी घटनाओं का जिक्र किया। इन हमलों में लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था, जो पाकिस्तान स्थित एक आतंकी समूह है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने में कोई सहनशीलता या दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने उन लोगों के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया जो आतंकवाद को प्रायोजित करते

### भारत ने क्यों खारिज किया दस्तावेज

क्योंकि इस दस्तावेज में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र नहीं था. इसके बजाय दस्तावेज में बलूचिस्तान का उल्लेख था, जिसे भारत ने पाकिस्तान की ओर से भारत पर आधारहीन आरोप के रूप में देखा. सूत्रों के मुताबिक चीन और पाकिस्तान ने आतंकवाद पर कड़े रुख को कमजोर करने की कोशिश की, जिसे भारत ने अस्वीकार्य माना.

## दो पहिया वाहनों पर नहीं लगेगा कोई टोल : नितिन गडकरी


**नई दिल्ली,26जून।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन तमाम अटकलों को अफवाह बता दिया है, जिसके तहत कहा जा रहा था कि 15 जुलाई से दोपहिया वाहनों से भी टोल वसूला जाएगा. नितिन गडकरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि कुछ मीडिया हाउस ऐसी खबरें चला रही हैं कि दोपहिया वाहनों से भी टोल टैक्स लिया जाएगा. उन्होंने आगे लिखा कि मैं ये साफ कर देना चाहता हूं कि इस तरह का कोई निर्णय प्रस्तावित नहीं है. दो पहिया वाहन के टोल पर पूरी तरह से छूट जारी रहेगी. बिना सच्चाई जाने भ्रामक खबरें फैलाकर सनसनी निर्माण करना स्वस्थ पत्रकारिता के लक्षण नहीं हैं.

## यूएन में पाकिस्तान पर भारत का दिखा रौद्र रूप

**नई दिल्ली,26 जून।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तनावपूर्ण माहौल में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान पाकिस्तान के आचरण की कड़ी आलोचना की। भारत ने इस्लामाबाद पर अपने आंतरिक मानवाधिकार हनन और राज्य प्रायोजित आतंकवाद से ध्यान हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के मंचों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राजदूत हरीश ने पाकिस्तान को सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन करने वालों में से एक करार देते हुए उसकी निंदा की, जिसमें लड़कियों के स्कूलों और स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगानिस्तान में सीमा पार से गोलाबारी शामिल है, जिसमें नाबालिगों को नुकसान पहुँचाया गया। उन्होंने देश पर संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर अनुचित आक्षेप लगाने और भारत को बदनाम करने अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने" का आरोप लगाया, साथ ही कहा कि पाकिस्तान के अपने रिकॉर्ड को देखते हुए ऐसा व्यवहार बेहद पाखंडी है। हरीश ने पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड को उसके सीमा पार आतंकी अभियानों से जोड़ा, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का संदर्भ दिया जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे.


## भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं यह राष्ट्र की आत्मा है: अमित शाह

**नई दिल्ली,26 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि किसी भाषा का विरोध नहीं है, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन आग्रह अपनी भाषा का महिमामंडन करने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए। और जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते अमित शाह ने आगे कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ़ संवाद का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। भाषाओं को जीवित रखना और उन्हें समृद्ध बनाना ज़रूरी है। आने वाले दिनों में हमें सभी भारतीय भाषाओं और ख़ास तौर पर राजभाषा के लिए ये सारे प्रयास करने चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि मैं पूरे दिल से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है, और हिंदी और भारतीय भाषाएं मिलकर ही हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं। इससे पहले अमित शाह ने कहा कि नशा युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या है और मोदी सरकार नार्को-कार्टेल पर बेरहमी से प्रहार कर रही है तथा नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन में वापस ला रही है। शाह ने यह बात 'अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस' के अवसर पर 'नशा मुक्त भारत' की लड़ाई में योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "नशीली दवाएं हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, नार्को-कार्टेल पर निर्ममता से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन में वापस ला रही है।"



## भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी का नया मार्ग फिर बंद, पुराने मार्ग से तीर्थयात्रा जारी

**श्रीनगर,26 जून।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यहां पर 12 मास लोग आते है। हर मौसम में मां के द्वार खुले रहते हैं। बारिश के समय भी यहां पर दर्शन करने वालों की संख्या काफी ज्यादा रहती है। लेकिन कुछ समय से माता वैष्णो देवी की पहाड़ियों पर लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग एक बार फिर बाधित हो गया है, इस साल यह तीसरी बार है जब नए हिमकोटि मार्ग को बंद करना पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण हिमकोटि मार्ग पर बड़ा भूस्खलन हुआ है, जिससे लगभग 30 फीट मलबा और बड़े-बड़े पत्थर मार्ग को अवरुद्ध कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, सुरक्षा कारणों से मार्ग पर बैटरी कार, केबल कार और हेलीकॉप्टर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत और निकासी अभियान तेजी से शुरू किया। जबकि नया मार्ग बंद है, यात्रा को पारंपरिक पुराने मार्ग से जारी रखने की अनुमति दी जा रही है। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, "यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यात्रा को मूल मार्ग पर मोड़ दिया गया है। आपदा प्रबंधन कर्मियों के साथ हमारी टीमें युद्ध स्तर पर मलबा साफ कर रही हैं।" अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों से सतर्क रहने, केवल अधिकृत मार्गों का अनुसरण करने और मौसम संबंधी सलाह का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है। आगंतुकों की सहायता और मार्गदर्शन के लिए अतिरिक्त कर्मियों को जमीन पर तैनात किया गया है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले नए मार्ग पर सोमवार को भारी भूस्खलन हुआ, जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा को पुराने मार्ग पर मोड़ दिया गया है.



## उधमपुर में एनकाउंटर घेरे में 2-3 दशहतगर्द

**श्रीनगर,26 जून।** अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से ठीक एक हफ्ता पहले जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार इलाके में भारी गोलीबारी चल रही है और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक, 2-3 आतंकियों को घेर लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को आज सुबह क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद विशेष तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी अभियान के दौरान जंगलों में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम इस अभियान को अंजाम दे रही है। इलाके की घेराबंदी कड़ी कर दी गई है ताकि आतंकवादी किसी भी दिशा से भाग न सकें। इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और ड्रोन व निगरानी उपकरणों के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "ऑपरेशन बिहाली। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के द्वारा बसंतगढ़ के बिहाली क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

## मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर.** बस्तर में सुरक्षा बलों को फिर बड़ी सफलता मिली है. अबूझमाड़ के जंगलों में चल रही मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को ढेर किया है. मौके से इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई है. ऑपरेशन अभी भी जारी है. नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. माड़ डिविजन के नक्सलियों के खिलाफ यह ऑपरेशन चल रहा है, जिसमें डीआरजी नारायणपुर, कोंडागांव और एसटीएफ के जवान शामिल हैं.

## अंतरिक्ष से शुभांशु ने कहा नमस्कार



**नई दिल्ली,26 जून।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से अपना पहला संदेश जारी किया है। "सभी को अंतरिक्ष से नमस्कार। मैं अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां आकर रोमांचित हूं। वाह, यह कैसी यात्रा थी। जब मैं लॉन्चपैड पर कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में एक ही विचार था कि चलो बस चलते हैं।"

शुभांशु ने कहा कि जब यात्रा शुरू हुई, तो ऐसा लग रहा था कि आप सीट पर पीछे की ओर धकेले जा रहे हैं। यह एक अद्भुत यात्रा थी। और फिर अचानक कुछ भी नहीं महसूस हुआ, जैसे आप शून्य में तैर रहे हैं। मैं एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं, अंतरिक्ष में कैसे चलना और खाना है। मुझे तिरंगा हमेशा याद दिलाता है कि आप सभी मेरे साथ हैं. भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम और आगामी गगनयान मिशन के लिए एक मजबूत कदम है. मैं चाहता हूं कि आप में से हर कोई इस मिशन का हिस्सा महसूस करे."

## गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री में जीएसटी का छापा, जांच जारी

**रायपुर,26 जून।**



छत्तीसगढ़ में लगातार स्टेट जीएसटी की कार्रवाई जारी है. देर रात स्टेट जीएसटी की टीम ने सितार गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री में दबिश दी. इस फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सितार गुटखा बनाने के सामान मिले हैं. जानकारी के मुताबिक यह फैक्ट्री राजनांदगांव और दुर्ग के बीच जलबांधा रोड के पास जोरातराई और अंजोरा के पास गनियारी में है, जहां अभी भी टीम की जांच जारी है. यह कार्रवाई राज्य में अवैध गुटखा बनाने और बेचने की शिकायत मिलने पर कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर स्टेट जीएसटी की टीम ने की.

**17 डीलरों के यहां छापेमार कार्रवाई में ढाई करोड़ की टैक्स वसूली**-बता दें कि पिछले दो दिनों से जीएसटी की कार्रवाई कपड़ा और फर्नीचर सेक्टर में देखी गई, वहीं बुधवार को छत्तीसगढ़ के 6 जिलों में जीएसटी की टीम ने एक साथ फुटवेयर सेक्टर में कार्रवाई की थी. जीएसटी की टीम ने रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर, कोरबा में एक साथ छापेमार कार्रवाई की थी. टीम ने 17 डीलरों के यहां छापा मारा था. इस कार्रवाई में व्यापारियों से ढाई करोड़ की जीएसटी की टैक्स वसूली की गई है. जीएसटी विभाग के सूत्र बताते है कि इंटेलिजेंस टीम से ये सूचना मिली थी कि फुटवेयर सेक्टर के व्यापारियों ने टैक्स जमा नहीं किया है. यही कारण है कि इस सेक्टर में टीम ने छापेमार कार्रवाई की.

### सैफ्रॉन कॉर्पोरेट में भी टीम ने की थी छापेमार कार्रवाई

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी जीएसटी की टीम ने सैफ्रॉन कॉर्पोरेट में छापेमार कार्रवाई की थी. यहां 5 अधिकारियों की टीम ने छापा मारा था. ये प्रोजेक्ट बगड़िया ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड का बताया जा रहा है. ये ऐश्वर्या ग्रुप के सह-संस्थापक के रूप में निलय ग्रुप से भी जुड़ा हुआ है.

## वन कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने वाले 6 ग्रामीण गिरफ्तार

**बालोद,26 जून**




डौंडी परिक्षेत्र के पेवारी गांव में परकुलेसन टैंक का निरीक्षण करने गए डिप्टी रेंजर, वन पाल, दो फॉरेस्ट गार्ड पर हमला मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस मामले में पुलिस की जांच जारी है. घटना में शामिल अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो सकती है. बालोद एसपी योगेश पटेल ने बताया, ग्रामीणों के हमले से डिप्टी रेंजर समेत 4 वनकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए थे. घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में इलाज कराया गया, जिसके बाद वन विभाग के आला अधिकारी थाने पहुंचे और 6 नामजद के साथ अन्य ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज कराया. मामले की गंभीरता को देखते हुए डौंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में सोमनाथ, बेदूराम, अर्जुन, तुलसीराम, तुलाराम और भोलाराम शामिल हैं. साथ ही अन्य लोगों की जांच के बाद गिरफ्तारी की बात कही जा रही है. बता दें कि डौंडी परिक्षेत्र के ग्राम पेवारी में वन विभाग भू-जल स्तर बढ़ाने शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत परकुलेसन टैंक का निर्माण कराया जा रहा था. जिस जगह कार्य कराया जा रहा वह जमीन वन विभाग की है, जिस पर ग्रामीणों ने कब्जा किया हुआ था. इस जमीन को कब्जा मुक्त कराकर वन विभाग काम करा रहा था.

कुछ लोगों को गांव में वन अधिकारी पट्टे का वितरण भी किया जा चुका है. इसी वजह से ग्रामीण चाहते थे कि जिस जमीन पर उन्होंने कब्जा किया है उसका पट्टा मिल जाए, लेकिन वन विभाग के काम कराने से भविष्य में उनको पट्टा नहीं मिल पाएगा. इसी डर से ग्रामीणों ने वन विभाग के सरकारी काम में बाधा डालते हुए वन कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था और बंधक भी बना लिया था.

## महिला ने रेलवे ट्रैक पर दौड़ाई कार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब उत्तर प्रदेश की 34 साल की एक महिला ने अपनी कार (Kia Sonet) को रेलवे ट्रैक पर चला दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह चौंकाने वाली घटना शंकरपल्ली स्टेशन के पास हुई। वायरल वीडियो में महिला की SUV को रेलवे ट्रैक पर तेजी से चलते हुए देखा गया। रेलवे कर्मचारी, स्थानीय लोग और पुलिस महिला को कार से निकालने की कोशिश करते हुए वीडियो में दिख रहे हैं।

## तमाम प्रयास के बाद भी उड़ नहीं पा रहा एफ-35बी लड़ाकू विमान

**तिरुवनंतपुरम,26 जून।** तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 14 जून की रात से खड़े अमेरिका में बने एफ-35बी लड़ाकू विमान पर अब हवाई अड्डा पार्किंग शुल्क लगाएगा। ब्रिटिश रॉयल नेवी का यह अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट हाइड्रोलिक सिस्टम में आई खराबी की वजह से उड़ नहीं पा रहा है। इस फाइटर जेट को ठीक करने की ब्रिटिश और अमेरिकी इंजीनियरों की अबतक की सारी कोशिशें फेल हो चुकी हैं। एयरपोर्ट ने विदेशी सेना के इस लड़ाकू विमान को फिलहाल बे-4 में रखा है, जो कि वीआईपी विमानों के लिए पार्किंग की जगह है। हालांकि, तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट अभी तक यह नहीं तय कर पाया है कि उससे पार्किंग फीस और अन्य संबंधित शुल्कों के रूप में कितना वसूला जाएगा, लेकिन इसका निर्धारण एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से निर्धारित शुल्कों के हिसाब से ही होगा , इस फाइटर जेट को 14 जून की रात ईंधन की कमी की शिकायत के बाद इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी गई थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह अनुमति तब दी, जब भारतीय वायुसेना ने इसपर सहमति जताई। लेकिन, लैंडिंग के बाद विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी की बात सामने आई और तब से इंजीनियरों की कई टीमें इसे ठीक करने की असफल कोशिशें कर चुके हैं। जानकारी के मुताबिक अमेरिका और ब्रिटेन के एक्सपर्ट इंजीनियरों की एक और टीम जल्द तिरुवनंतपुरम आएगी।



## एक नजर

### युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई, 26 जून।** भिलाई युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि दिव्या कोसरे पर जवाहर नगर दुर्ग निवासी शेखर तांडी नामक युवक ने आटो क्लेव मशीन से सिर पर हमला कर दिया घटना में दिव्या गंभीर रुप से घायल है जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आईसीयू में भर्ती कराया गया है बाथरूम गंदा होने को लेकर दिव्या ने शेखर के खिलाफ मैनेजर से शिकायत की था उक्त बात को लेकर शेखर आक्रोश में आकर दिव्या के साथ विवाद कर जान से मारने की नियत से पानी गर्म करने वाली आटो क्लेव मशीन की क्वाइल से हमला कर दिया।

### सहायक लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**भिलाई, 26 जून।** बिजली करंट की चपेट में आने से कर्मी की मौत होने का मामला सामने आया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम सिपकोना निवासी पोषण यादव सहायक लाइनमेन संतोष कुमार वर्मा के साथ 21 मार्च 2024 को बिजली काम से तर्रीघाट गया था इस दौरान एलटी तार के ऊपर चढे पेडो की कटाई का काम चल रहा था अचानक पोषण बिजली करंट की चपेट में आने की आवाज आने पर चेक किया गया तब पता चला कि सडक 32 का बिजली अचानक चालू हो गया इसके चपेट में आने से पोषण नीचे गिर पड़ा उपचार के लिए पोषण को तुरंत सीएचसी पाटन ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई ।

### कार्यशाला में स्वच्छता को स्थायी बनाए रखने पर जोर दिया

**मोहला 26 जून ।** जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-02 अंतर्गत घोषित ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामो की स्थिति को सत्यापित करने एवं ओडीएफ प्लस के मापदंडों पर जिले को रैंकिंग करने के उद्देश्य से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 घटको के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# देश में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने लोकतंत्र पर प्रहार किया: भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा , 25 जून ।** 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल घोषित किये जाने के विरोध में आज जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने आपतकाल की 50वीं बरसी पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मशील सेनानियों व मीसाबंदियों हरीश लुनिया ,श्रीमती कुमारी देवी सोनी जी और विजय यादव को सम्मानित किया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन व प्रेस की आज़ादी पर लगाए गए प्रतिबंध के प्रति विरोध प्रकट किया। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 से 1977 तक लगाया गया आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है। उस दौर में इंदिरा सरकार ने संविधान की मूल भावना को दरकिनार कर लोकतंत्र के आत्मा, संवैधानिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों पर आघात किया। आपातकाल का कालखंड भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कलंक के टीके की तरह हैं। कांग्रेस ने आपातकाल की आड़ में भारत की आत्मा पर प्रहार किया। यह कोई प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र को कुचलने की साजिश थी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को नजरअंदाज किया, जनता के मौलिक अधिकार छीने, और असहमति की हर आवाज को जेल में बंद कर दिया। प्रेस की आजादी पर ताले लगाए गए, विपक्ष के नेताओं को कैद किया गया, और आम नागरिक भय के साये में जीने को मजबूर हुआ। कांग्रेस का यह कदम सत्ता की लालच और तानाशाही की मानसिकता का प्रतीक है। जब उनकी सत्ता पर सवाल उठे, तो उन्होंने जनता को ही दबाने की कोशिश की। भ्रष्टाचार और कुशासन की आलोचना को दबाने के लिए आपातकाल थोपा गया। लेकिन वे भूल गए कि भारत की जनता गुलामी की जंजीरें तोड़ना जानती है। जयप्रकाश नारायण जी, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी और लाखों देशवासियों ने इस अंधेरे के खिलाफ आवाज उठाई। सड़कों पर उतरे नौजवानों ने साबित किया कि लोकतंत्र किसी एक पार्टी का बंधक नहीं, बल्कि जनता की ताकत है।भावना बोहरा ने कहा कि यह कोई साधारण निर्णय नहीं था; यह था एक तानाशाही थी, जहां सत्ता की भूख ने जनता की आवाज को दबाने की कोशिश की। यह देश केवल सत्ता का मोह नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की कहानी है। एक वह युग था जब लोगों की आवाज को कुचला गया और आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनता की आवाज को सुना जा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आर्थिक सुधार, सामाजिक कल्याण और अवसंरचना विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।÷मेक इन इंडिया÷ और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने भारत को वैश्विक मंच पर मजबूत किया है। किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं ने समावेशी विकास को बढ़ावा दिया है। धारा 370 हटाना, नई शिक्षा नीति, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, आज़ादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना, तीन तलाक कानून, वक्फ बोर्ड अधिनियम और जापान को पीछे कर आज भारत, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। मोदी सरकार की इन उपलब्धियों ने विकसित भारत की दिशा में मजबूत आधार तैयार किया है। आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन और वैश्विक नेतृत्व के साथ, हम 2047 तक स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष में एक समृद्ध और समावेशी भारत का सपना साकार करेंगे।इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सभापति दीपा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष रूपेश जैन, जिला प्रशासन कबीरधाम के जिलाधीश गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रावघाट खदान क्षेत्र के कृषकों को दिया जा रहा मिलेट खेती का प्रशिक्षण



**भिलाई, 26 जून।** रावघाट खदान क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को लघु धान्य फसलों जैसे रागी, कोदो, कुटकी आदि की वैज्ञानिक खेती कराई जा रही है। रावघाट क्षेत्र में कृषि लोगों की आजीविका का मुख्य साधन है। किसान परंपरागत तरीकों से धान, रागी, कोदो, कुटकी एवं मक्का जैसी खरीफ फसलों की खेती करते हैं। लेकिन बदलते पर्यावरण और आर्थिक जरूरतों को देखते हुए अब लघु धान्य फसलें (मिलेट्स) किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। ये फसलें कम लागत, कम पानी की आवश्यकता, प्रतिकूल मौसम में सहनशीलता और कीट-रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता के लिए जानी जाती हैं। साथ ही, मिलेट्स का पोषण मूल्य भी अत्यधिक है। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फास्फोरस और रेशा भरपूर मात्रा में होता है, जिससे ये मधुमेह, रक्तचाप और हृदय रोगियों के लिए बेहद लाभदायक मानी जाती हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा चयनित 189 किसानों की सहमति से 250 एकड़ भूमि पर मिलेट्स की खेती कराई जा रही है। इसके लिए 17 और 18 जून 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों को उन्नत खेती तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत किसानों को उन्नत किस्म के रागी के बीज का वितरण किया गया। इसके पश्चात कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेत में ही वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। फसल के पकने के बाद उसकी कटाई तथा प्रोसेसिंग भी कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा कराई जाएगी। इसके बाद मिलेट को बाजार में बेचने हेतु मार्केट लिंकेज की जानकारी भी किसानों को प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## पीएम आवास योजना के हितग्राही लें लाटरी में भाग



**भिलाई, 26 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई में 3 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्धति से किया जाना है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर पात्रता संबंधी सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर भूतल के मकानों का आबंटन किया जाना है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में किरायेदारी के रूप में निवासरत वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना के काउंटर कक्ष-16 में जमा किये हैं। इस समाचार को सूचना मानकर संबंधित आवेदक 1 जुलाई 2025 तक निगम कार्यालय में उपस्थित होकर आवास आवंटन के कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत निगम कोष में जमा करें ताकि 3 जुलाई को होने वाली लाटरी प्रक्रिया में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जा सके।

## स्कूल के आसपास बीड़ी गुटखा तंबाकू व नशीली वस्तुओं के विरुद्ध अभियान

**दुर्ग, 26जून ।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आज भी चला विभिन्न स्कूल, कालेजों के आसपास नगर निगम अधिकारियों की टीम ने पान ठेलों व दूकानों की जांच कर तंबाकी बीड़ी सिगरेट, इत्यादि बरामद कर दूकानदारों से 7 हज़ार से अधिक जुर्माना राशि वसूली की गई।उल्लेखनीय है कि स्कूल कालेज व अन्य शिक्षण संस्थाओं के आसपास बीड़ी सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री के विरूद्ध कार्रवाई के लिये नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम गठित की है।

इसी कड़ी में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के द्वारा बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव सहित टीम अमला के साथ शहर में घूम-घूमकर आज निगम द्वारा कोटपा अधिनियम की कार्यवाही के दौरान बोरसी वार्ड क्रमांक 52 शासकीय स्कूल,विश्वदीप स्कूल के आसपास के अलावा अन्य जगहों पर मौके पर पहुँचकर दुकानों एवं ठेलों में जांच की कार्रवाही के दौरान बीड़ी, सिगरेट, गुटका सहित तंबाखू को जब्त कर जुर्माना की कार्रवाही किया गया।बात दे कि कार्रवाही के लिए भिलाई बेकरी और नॉन वेज होटल से डिस्पोजल और झिल्ली की जब्ती कर राशि जुर्माना लगाया गया।

## कार्यशाला में स्ट्रीट फूड वेंडरों को स्वनिधि योजना व स्वच्छता की जानकारी दी गई




**भिलाई, 26 जून।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में फूड व्यवसाय करने वाले वेंडरों की कार्यशाला निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से ऐसे व्यवसायी हैं, जो रोड के किनारे खाद्य सामग्रीयों का ठेला या गुमटी लगाकर व्यवसाय करते हैं । मुख्य व्यवसाय जैसे- चाट, इडली, गुपचुप, दोसा, समोसा, मोमोज, चाउमिन, चाय, भजिया, सैन्डविच, बर्गर, बड़ा, भेल, बर्फ का गोला, अंडा एगरोल, कुल्फी, आईसक्रीम, मैंगोसेक, गन्ना रस इत्यादि। ऐसे व्यवसायियो को बुलाकर प्रथम एजुकेशन फांउडेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसका मुख्य उददेश्य था कि सभी वेंडर्स को शासन द्वारा दी जा रही स्वनिधि योजना का लाभ मिले एवं वेंडिंग जोन में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है। इस प्रशिक्षण में लगभग 40 से अधिक संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडर शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान वेंडरो को बताया गया कि खादय सामग्री बनाते समय एवं ग्राहको को परोसते समय साफ सफाई का ध्यान रखे, कचरा इधर उधर न फेके, हाथो में ग्लब्स पहने, नाखून साफ रखे, बनाते समय पोछने वाले कपड़ो को स्वच्छ रखे, पीने का पानी एवं धोने के पानी में दुरी रखे, पाउच एवं तम्बाखू खाकर व्यवसाय न करें, स्वच्छ कपड़ा पहनकर व्यवसाय करें, जहां बनाते है वहां गंदगी न रखे, पकाने वाले तेल का एक्सपायरी तिथि को ध्यान में रखे और उसी तेल को बार बार न उपयोग में लायें। कार्यशाला के दौरान निगम से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रोग्राम हेड अंकित राठौर, कलस्टर लीडर पवन साहू, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर भोजराम साहू, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन मैनेजर नलनी तनेजा, सेक्टर हेड सुभाष डोंगरे, टीकाराम साहू, योगेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।

## कर्मा चौराहे से इंदिरा चौक तक डामरीकरण के लिए 78 लाख स्वीकृत



**भिलाई, 26 जून।** वैशाली नगर विधानसभा के सुपेला स्थित एक और व्यस्ततम मार्ग को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से लगभग 78 लाख की स्वीकृति मिल गई है। विधायक रिकेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुपेला के कर्मा चौक से इंदिरा चौक तक सड़क को बेहतर बनाने लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी। इस हेतु उन्होंने नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से चर्चा की नतीजतन मंत्री साव ने तत्काल स्वीकृति दी जिसके लिए विधायक रिकेश सेन ने उनका आभार जताया। सेन ने बताया कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने अनटाइड ग्रांट ;निर्माण कार्यद्ध अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु 15वें वित्त आयोग मद से कर्मा चौक से इंदिरा चौक सुपेला तक डामरीकृत मार्ग का नवीनीकरण कार्य के लिए 77 लाख 59 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसकी प्रक्रिया जल्द पूरी करते हुए प्रयास होगा कि 15 अक्टूबर तक डामरीकरण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### बैठक



**भिलाई, 26 जून।** सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में 7 एजेंडा बिंदुओं परसमीक्षा बैठक ली। इस बैठक में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि लावारिस / पशु क्रूरता/एनडीपीएस में जब्त वाहनों के निराकरण, एनडीपीएस एक्ट के जब्त मादक पर्दार्थों के नष्टीकरण, एनडीपीएस के प्रकरणों में जब्त वाहन का राजसात किए जाने, एनडीपीएस के प्रकरणों में आरोपियों द्वारा अर्जित संपत्ति को चिन्हांकित कर अटैक किए जाने के लिए प्रकरण तैयार कर सफेमा में पेश किए जाने, लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल, निगरानी-गुंडा बदमाशों पर नियंत्रण रखने तथा अपराधों में संलिप्त बदमाशो के विरुद्ध बाउंड ओव्हर की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया ।

## नई पीढ़ी को संविधान की हत्या के बारे में बताने के लिए यह आयोजन: बघेल

**दुर्ग, 26 जून ।** वर्ष 1975 में आज ही के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा संपूर्ण देश में आपातकाल लगाया गया था। इस आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के लोकतंत्र प्रहरी और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया, साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई और छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम 1975 काल के आपातकाल दौर को रेखांकित किया गया। कार्यालय लोक निर्माण विभाग के सभागार में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री विजय बघेल तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक श्री गजेन्द्र यादव और श्री ललित चन्द्राकर उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ तेलघानी आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री श्री जागेश्वर साहू एवं श्रीमती रमशीला साहू, श्री सतीश कौशिक और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस विशेष अवसर पर लोकतंत्र प्रहरी श्री लक्ष्मीनारायण रॉठी और श्री रामचंद चिन्तामणी पाटणकर तथा लोकतंत्र प्रहरी के परिजन श्री विशाल राजहंस, डॉ. शरद पाटणकर, श्री राम पाटणकर, श्री मनोज जैन एवं श्री छत्रपाल चन्द्राकर को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व की घटना को याद कर, मन पीड़ा से भर जाता है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में परिवहन संबंधी मुद्दों पर हुई अहम बैठक



**भिलाई, 26 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स के आमंत्रण पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक संयंत्र भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संयंत्र के भीतर परिवहन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स राकेश कुमार एवं जीएम सर्विसेस तुषार कांत उपस्थित रहे। वहीं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन से कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरीए कोषाध्यक्ष जोगारामए मुन्ना सिंहए ललित मोहनए संतोष सिंहए शहनवाज कुरैशीए प्रेम सिंहए सुनील यादवए मनोज अग्रवालए पंकज शर्माए रोशन वर्मा एवं जगजीत सिंह शामिल हुए। इस बैठक में संयंत्र के भीतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक सुरक्षितए व्यवस्थित एवं नियमबद्ध तरीके से संचालित करने पर सहमति बनी। संयंत्र प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्ट संचालन में नियमों का सख्ती से पालन करने की बात कही गईए वहीं एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# आयुक्त से मिलने पहुंचे गोकुल नगर के पशुपालक और मांगी छूट



**भिलाई, 26 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के कक्ष में गोकुल नगर कुरूद के पशुपालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चर्चा अनुसार गोकुल नगर के 164 पशुपालकों को वर्ष 2007 में निगम द्वारा भूमि आबंटित किया गया था। जिसमें से 03 पशुपालकों द्वारा प्रब्याजी की पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। शेष 161 पशुपालकों द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा की गई है। प्रथम किश्त की राशि जमा करने पश्चात पशुपालकों एवं नगर निगम भिलाई के मध्य अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था। पशुपालकों को आवंटित भूमि के संबंध में मामला उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट में लंबित रहने से पूर्व में राशि जमा नहीं की गई है। न्यायालय द्वारा प्रकरण का निराकरण किया गया है। वर्तमान में आवंटित भूखण्डों की बकाया शेष राशि एवं भू-भाटक वर्ष 2024-25 तक की राशि जमा कराये जाने हेतु 149 आबंटितो को सूचना पत्र जारी किया गया है। सूचना पत्र मिलते ही सभी पशुपालक निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे। पशुपालकों द्वारा निवेदन किया गया कि कोर्ट के अवधि एवं ब्याज की राशि में छूट दिया जावे। सभी पशुपालक राशि जमा करने सहमति दिये हैं। आयुक्त ने यह भी बताया कि गोकुल नगर के भूमि आबंटन की राशि निगम में जमा होने पश्चात उस राशि को गोकुल नगर के मूलभूत सुविधाओं जैसे- सड़क, नाली, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के लिए उपयोग किया जायेगा, जिससे वहां का बसाहट सुव्यवस्थित हो सके। कुछ पशुपालकों द्वारा जमीन आबंटन की राशि निगम में जमा नहीं किये है और जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दिए है। ऐसे पशुपालकों का आबंटन निरस्त किया जायेगा। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, पशुपालक पप्पू यादव, दिलावर यादव, दिनेश राय, महेन्द्र यादव, रामप्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के रिक्त पद के लिए आवेदन 10 जुलाई तक

**दुर्ग, 26 जून ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 02 के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद के लिए 10 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र नगर पालिक निगम भिलाई के कुंदरापारा वार्ड क्रमांक 24 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सिरसाकला वार्ड क्रमांक 36 में आंगनबाड़ी सहायिका की रिक्त पदों की भर्ती की जानी है। आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 02 नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा रोड भिलाई 03 को भेजे जा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ मातृशक्ति की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा



**भिलाई, 26 जून।** सुंदरनगर निवासियों ने क्षेत्र की जन समस्याओं से छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन को अवगत कराया. सुंदरनगर में मूलभूत सुविधाओं की कमी है व शौचालय नहीं है महिलाओं व बच्चों को अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ता है. इसके अलावा सुंदर नगर बस्ती के पीछे शराब दुकान होने की वजह से बस्ती के मुख्य मार्ग में आवागमन बहुत अधिक रहता है, जिससे हर समय तनाव की स्थिति बने रहती है. महिलाएं घर से निकल नहीं पाती हैं. बच्चे घर के बाहर खेलते रहते हैं. दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. इससे तत्काल नेवई थाना प्रभारी आनंद शुक्ला को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया व शिकायत दर्ज कराई गई एवं बस्ती में मूलभूत सुविधा एवं शौचालय व्यवस्था के लिए रिसाली नगर निगम के कमिश्नर से मिलने का निर्णय लिया गया 7 बैठक में पेमीन बाई, पार्वती मंडावी, रजवन्ती बाई, दुर्गावती, सुरुज बाई, सुरजा बाई, केसर बाई, शबनम, राजकुमारी, ललनी, रीना, सरिता, गवतरहीन बाई, सोनबती, धनेश्वरी, सुनीता, जस बिन्दु, सुमन, रामबाई, हरीसिंह नेताम,आत्माराम मंडावी, जंजीत, राजकुमार यादव, विनोद, नरेश, लालू, संतोष व संगठन से राजेन्द्र परघनिया, चंद्रकला तारम,उमा सिंह, पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर,ममता वर्मा,अन्नू समेत मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## हिंदी में काम करने के लिए लोग प्रेरित हो :सुशील कुमार



**भिलाई, 26 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत यादव एवं अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुशील कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट में समस्त कार्य हिंदी भाषा में ही संपादित किए जाते हैं। शीघ्र ही एमआरडी विभाग के सभी याड्र्स में साइन बोर्ड्स लगाए जाएंगे, जिनमें प्रतिदिन हिंदी में संदेश लिखे जाएंगे और इसके माध्यम से प्रयास किया जाएगा कि लोग हिंदी में काम करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित हों। महाप्रबंधक दीनामणि नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रमुख भाषा हिंदी होने के कारण और छत्तीसगढ़ भाषाई आधार पर क क्षेत्र में शामिल होने के कारण हमारा यह नैतिक दायित्व है कि हम न केवल अपना सारा वार्तालाप, बल्कि समस्त कार्यालयीन कामकाज हिंदी में ही करें। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जूनियर ऑफिसर एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है।

# पक्की सड़कें गांव के विकास की पहली सीढ़ी : इन्द्र साव

## विधायक ने निपनिया एवं धौराभांठा मे सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 26 जून।** विधायक इन्द्र साव ने कहा कि हिंदुस्तान की 80 प्रतिशत आबादी गांव में निवासरत है ऐसे में गांव का विकास होना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और गांव का विकास की पहचान वहां की पक्की सड़के होती है, इसी उद्देश्य से आज आप लोग के गांव में पक्की सड़क निर्माण का भूमि पूजन हुआ है और आने वाले समय में इसका फायदा गांव वासियों को मिलने लगेगा।

विधायक इन्द्र साव ने निपनिया और धौराभाठा एस गांव में विधायक निधि से बनने वाली सी सी रोड निर्माण भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।विधायक साव ने कहा गांव की कच्ची सड़को से उबारने के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है, , उनकी सोच है पूरे क्षेत्र की सड़के पक्की हो तो ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।उन्होंने कहा जब से आप लोगो के आशीर्वाद से विधायक बना हूं। तब से लगातार पूरे विधान सभा क्षेत्र के गांव की सड़को को पक्की सड़क बना कर मुख्य सड़क से जोड़ने का मेरा प्रयास लगातार जारी है, गांव की कच्ची सड़को से उबारने के लिए आज आपके गांव में जो भूमि पूजन कार्य हुआ है उसका श्रेय यहां के सरपंच को जाता है जो लगातार आपके गांव की सड़क, पानी नाली, बिजली, भवन, शिक्षा इत्यादि के लिए रोजाना लिखा पढ़ी कर अपने गांव के लोगों की भलाई के लिए प्रयासरत है।आज आप लोगो के मध्य आ कर मुझे काफी अच्छा लग रहा है, और वे विश्वास के साथ कह सकते है कि आने वाले समय में इस गांव का और तेजी से विकास होगा।

इसके पूर्व निपनिया और धौराभाठा एस गांव पहुंचने पर विधायक साव का वहां के सरपंच, पंच गण और ग्रामीणों ने फूल माला से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ध्रुव, सरपंच नरेश ध्रुव, जित्तू ठाकुर, मुकेश साहू, कामता रावत, सत्यजीत शेंडे, विक्की ठाकुर, देवांनद साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विशेष शिविर में 52 लोगों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र के साथ मिली सहायक सामग्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 26 जून।** कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग जनों के सुविधा के लिए दिनांक 25.62024 को नगरपंचायत पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 12 में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर 52 दिव्यांग जनों को तत्काल प्रमाण पत्र दिया गया, इसके साथ ही अन्य जनों की समस्याओं का निराकरण मौके पर हो गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिव्यांग जनों का प्रमाण पत्र एवं 10 नग छड़ी 02 नग एम.आर. किट, एवं वॉकर 02 नग 01 यू.डी.आई.डी. कार्ड के लिए आवेदन किया गया था जिसको शिविर में तत्काल यू.डी.आई.डी. कार्ड बनाकर दिया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा नगरपंचायत के सभी वार्ड



पार्षदगण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रीति दुर्गम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपअभियंता एवं समाज कल्याण विभाग जिला-धमतरी, जिला चिकित्सालय धमतरी के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें नगर पंचायत नगरी एवं नगरी ब्लॉक के दिव्यांगजनों ने शिविर में उपस्थित होकर योजना लाभ लिये।शिविर मे कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 52 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण बनाकर दिया गया।

## एक नजर

### ई -ऑफिस में दक्ष बनाने अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालयीन कार्य को पूरी तरह से पेपरलेस एवं डिजिटल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारी -कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारी कर्मचारियों के लिए ई- ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सामान्य प्रशासन विभाग के मास्टर ट्रैनर द्वारा ई-ऑफिस कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश अनुसार प्रशिक्षण में सभी कार्यालय के 2 अधिकारी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रातः 10 :30 बजे से 12 :30 बजे तक एवं अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक ई ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया वहीं अपरान्ह 4 से 5 बजे तक पीआईएमएस का प्रशिक्षण दिया गया।राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन अंतर्गत ई-गवर्नेन्स को प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है। इससे सरकारी सेवाएं तेजी और आसानी से जनता तक पहुंचेगी। फाईलिंग में लगने वाला समय काम लगेगा, ट्रेकिंग से फाइल की स्थिति का पता लग सकेगा।

### उमरवाही में अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुई किरण वैष्णव

**छुरिया, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम जनकपुर में शासकीय प्राथमिक शाला के अतरिक्त कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई। साथ ही इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य भी उपस्थित रहे।अवसर पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि राज्य के विष्णु देव साय की सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। यहां अतरिक्त कक्ष के निर्माण से निश्चित रूप से विधार्थियों को लाभ होगा।विघालय शिक्षा का मंदिर होता है। निश्चित रूप से यहां सिखने का नया अवसर प्राप्त होता है।छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी प्रयास कर रहे हैं, जिससे शिक्षा का बेहतर वातावरण बने। साथ ही इस अवसर पर जनपद सदस्य हरीला चन्द्रवंशी, मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन,देवारू मालेकर पूर्व जनपद सदस्य,संरपच रामाधीन रावटे, ईश्वरी निर्मलकर, ईश्वरी प्रसाद साहू सचिव व समस्त पंच गण व समस्त शिक्षकगण समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को मिला एकमुश्त चावल




**बलौदाबाजार, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के राशन कार्ड धारकों को तीन माह का एकमुश्त चावल दिया जा रहा है। जिले के कुल 376111 राशन कार्ड धारियों में से अब तक 3 लाख कार्डधारियों को माह जून, जुलाई और अगस्त का चावल एकमुश्त वितरण किया गया है तथा शेष कार्डधारियों को 30 जून तक वितरित कर दिया जाएगा। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चावल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री जैसे शक्कर, चना, नमक एवं गुड़ का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का प्रतिमाह पृथक पृथक वितरण किया जाएगा।जिले का पहुंचविहीन क्षेत्र में संचालित 9 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह जून, जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2025 का भण्डारण कर एकमुश्त वितरण कराया जा रहा है ताकि बारिश में खाद्यान्न उठाव करने में राशन कार्डधारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुना रकम वापस करने का झांसा देकर

# करोड़ों की ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कसडोल, 26 जून।** बलौदाबाजार पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर रकम दुगना करने का झांसा देकर गी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपाल प्रसाद देवांगन निवासी कटगी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी ग्राम कटगी बस स्टैंड में एल्युमिनियम स्टील वर्कशॉप की दुकान है।

ग्राम महकम निवासी आरोपी रामनारायण साहू को रेलिंग लगाने के काम से जान पहचान हुआ, जिसमें रामनारायण साहू एवं अन्य आरोपियों द्वारा उसे शेयर मार्केट में रकम लगाने एवं 02 वर्ष में सारा पैसा डबल करके देने का झांसा दिया गया। इसी झांसे में आकर प्रार्थी द्वारा आरोपियों को अलग-अलग तिथियों में नगदी, फोन-पे एवं विभिन्न माध्यमों से कुल 19,43,000 दिया गया। इसी प्रकार आरोपियों द्वारा प्रार्थी के मित्र राजेश कुमार देवांगन एवं अनिल कुमार प्रजापति से भी शेयर मार्केट में रकम लगाकर दुगना रकम वापसी करने का झांसा देते हुए ठगी किया गया। इस प्रकार आरोपियों द्वारा शेयर ट्रेडिंग में 02 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए कुल 40,82,000 रकम की ठगी की गई है। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 378/2025 धारा 420, 34 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार आरोपियों द्वारा 2024 में प्रार्थी राजकुमार यदू से 82,00,000 की ठगी किया गया था, जिस पर रामनारायण साहू और अन्य के विरुद्ध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है, जिसके संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही की जा रही है।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा गहन जांच तस्दीक एवं विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों की संपत्ति जप्ती/कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के निर्देशन एवं सहायतार्थ अधिकारी कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल, तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक साइबर सेल के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है जिसमें उप पुलिस अधीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी कसडोल, निरीक्षक हेमंत पटेल थाना प्रभारी पलारी, निरीक्षक धीरेंद्र दुबे थाना प्रभारी गिधौरी, निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी साइबर सेल, उप निरीक्षक किशन कुंभकार थाना लवन सहित कुल 08 अधिकारी कर्मचारियों को शामिल किया गया है।

प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं हेमंत साहू को हिरासत में लिया गया है तथा अभी तक की जांच में यह तथ्यों सामने आया है कि- आरोपी रामनारायण साहू पेशे से शासकीय स्कूल सोनाखान में शिक्षक है, जिसके द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर शेयर मार्केट में निवेश कर जमा की गई रकम 02 वर्ष में दुगना कर

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

1. रामनारायण साहू (48) निवासी ग्राम महकम चौकी सोनाखान
2. हेमंत साहू (42) निवासी ग्राम महकम चौकी सोनाखान (रामनारायण साहू का भाई)

वापस करने का झांसा देते हुए आसपास के क्षेत्र के लोगो से ठगी कर करोड़ों रुपये लिया गया है। सांथ ही जो भी व्यक्ति उनसे अपने पैसे मांगता था उसे वह किसी अन्य व्यक्ति से पैसे लेकर कुछ रुपये वापस कर देता था, जिससे वह लोगों का विश्वास जीतने में सफल हो जाता था। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा ठगी की गई रकम को, कई फर्जी संस्थाओं के नाम से निवेश करने के बारे में भी पता चला है। आरोपी रामनारायण एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया, दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट, दिल्ली क्राइम भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा आदि नामक संस्थाओं का परिचय पत्र अपने सांथ रखता है। आरोपियों के खिलाफ थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर में भी धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज है। आरोपियों के बैंक अकाउंट, संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा रही है तथा साइबर सेल की टीम द्वारा प्रकरण के समस्त बिंदुओं का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण भी किया जा रहा है। कि प्रकरण में को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके साथ ही गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ भी जारी है।

# लटूरिया मंदिर से 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

- मंदिर में पुरी धाम से बनी चंदन काठ की मूर्तियां हैं स्थापित
- मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं के लिए कभी कम नहीं पड़ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 26 जून।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा लगभग पिछले 122 वर्षों से अनवरत निकली जा रही है भाटापारा के राम सप्ताह चौक के पास में स्थित जगन्नाथ मंदिर जहां भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र महाराज और सुभद्रा देवी की मूर्ति स्थापित मंदिर है, जिस मंदिर को लटूरिया मंदिर के नाम से भी जाना जाता है जहां प्रतिवर्ष के आषाढ़ मास के द्वितीया के दिन रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है इसमें भाटापारा के निवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोग भी रथ यात्रा में शामिल होते हैं और बड़ी ही धूमधाम से रथ यात्रा लटूरिया मंदिर से निकलकर भाटापारा के बहुत सारे प्रमुख चौक चौराहो से होते हुए 10 से 15 किलोमीटर की यात्रा करते हुए वापस लटूरिया मंदिर में भगवान की स्थापना होती है। जिसका आयोजन इस वर्ष 27 जून 2025 शुक्रवार को होगा जहां दोपहर 12:00 बजे भगवान की महाआरती और गजामूंग व महाप्रसाद का भोग लगाने के पश्चात दोपहर 1:00 से रथ यात्रा



निकाली जाएगी।

**इस मंदिर की अद्भुत प्रचलित है कहानियां:** भाटापारा के लटूरिया मंदिर जो की जगन्नाथ भगवान का एक मात्र मंदिर है। वहां के वर्तमान पुजारी जगदीश वैष्णव हैं जो की चौथी पीढ़ी के हैं। बताया जाता है की प्राचीनतम समय 122 वर्ष से भी पहले लटूरिया महाराज के द्वारा इस मंदिर की स्थापना की गई थी इस मंदिर में जो भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा देवी की जो मूर्ति है वह चंदन काठ की लकड़ी से निर्माणित मूर्ति है, जिसे लटूरिया दास महाराज ने भाटापारा से लगभग 610 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उड़ीसा राज्य के ÷पूरी÷ जहां भगवान जगन्नाथ का मंदिर है जो चारों धाम में से एक धाम है, वहां से लाया गया है लटूरिया दास महाराज के द्वारा भाटापारा से पैदल उड़ीसा राज्य के ÷पूरी÷ पहुंचे और वहां से अपने मित्र मंडली के साथ भगवान जगन्नाथजी, सुभद्रा देवी एवं बलभद्र महाराज की मूर्ति को लेकर वापस पैदल भाटापारा आए और इस मंदिर की स्थापना की। भाटापारा वह आसपास के श्रद्धालु भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।

# महापौर व आयुक्त ने किया इंदौर के स्वच्छता नवाचारों का अध्ययन




**रायपुर, 26 जून।** नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चैबे, आयुक्त विश्वदीप, अधीक्षण यंत्री यूके धलेंद्र, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट प्रमित चोपड़ा इंदौर में अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की संपूर्ण स्वच्छता की मुहिम को बल देने के उद्देश्य से राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा इंदौर नगर निगम में यह दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव से प्रतिभागी छत्तीसगढ़ के शहरों में नवाचार एवं सतत शहरी विकास को नई दिशा दे सकेंगे। प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के महापौर, आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों के लिए दो चरणों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**देखा इंदौर का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर:** महापौर मीनल चैबे ने इंदौर में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन का सख्ती से क्रियान्वयन और कठोर जुर्माने की व्यवस्था की तारीफ की। महापौर और निगम आयुक्त ने आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग और एनजीओ के माध्यम से की जाने वाली इंदौर की घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली देखी। उन्होंने कचरा पृथक्करण के लिए अपनाए जाने वाले स्वच्छता मॉडल के अलावा शिकायत निवारण एप, जीपीएस-ट्रैक्ड कचरा गाड़ी, वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन और जोन आधारित घर-घर कचरा एकत्रण प्रणाली का निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों और आम नागरिकों से संवाद कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में जनभागीदारी को समझा। इंदौर के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) जाकर वहां की कार्यप्रणाली को भी समझा।

# टीबीमुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को मिली सराहना

- बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की 189 ग्राम पंचायतें हो चुकी हैं टीबी मुक्त , वर्तमान में 591 टीबी मरीजों का इलाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 जून।** केंद्र सरकार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 7 दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक चले 100 दिवसीय निक्षय निरामय की समीक्षा की गई।इस दौरान देश को पूर्णतः टीबी मुक्त बनाने के लिए आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर दीपक सोनी एवं सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी एनआईसी कक्ष में वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

इस अवसर पर भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एडिशनल सेक्रेटरी आराधना पटनायक ने छत्तीसगढ़ में निक्षय निरामय अभियान के तहत किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में निक्षय निरामय अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा 19 जिलों का चयन किया गया था लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक कदम आगे बढ़कर प्रदेश के सभी जिलों में इस अभियान का विस्तार किया जो सराहनीय है।उन्होंने कहा कि निक्षय निरामय अभियान के पहले चरण में सरकार का फोकस लक्षणयुक्त मरीजों के चिन्हांकन और ईलाज पर था।अगले चरण में बिना लक्षण वाले मरीजों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा।




# रसोइयों को मिला खाद्य पोषण और सुरक्षा का प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 जून।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को खाद्य सुरक्षा और मानको विषय पर निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भाटापारा और सिमगा ब्लॉक के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में भोजन बनाने वाले लगभग 137 रसोईये और प्रभारी शिक्षक शामिल हुए।

प्रशिक्षण में खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए खाना बनाने के लिए कच्ची सामग्री के क्रय, रखरखाव, भण्डारण, उपयोग करने के पूर्व एक्सपायरी तिथि की जांच, खाना बनाने के पूर्व एवं खाना बनाते समय व परोसते समय बरती जाने वाली सामान्य सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही ऐसी आदतें जो खाद्य सुरक्षा में जोखिम पैदा करते हैं तथा खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को कम करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### प्रधान जिला न्यायाधीश व कलेक्टर-एसपी ने किया उप जेल का निरीक्षण, व्यवस्था का लिया जायजा

# पेशी में बंदियों की सौ फीसदी उपस्थिति के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 जून।** प्रधान जिला नयायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित उप जेल का निरीक्षण किया। उन्होने जेल की प्रशासनिक व्यवस्था, बंदी कक्ष, वीसी रूम, पाकशाला, भोजन गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नये आपराधिक क़ानूनों के प्रावधानों के तहत बंदियों की पेशी में उपस्थिति शतप्रतिशत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराए जाने पर जोर देते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश उप जेल अधीक्षक को दिये।



जिला प्रधान न्यायाधीश सहित कलेक्टर व एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम का मुआयना करते हुए बंदियों की पेशी में उपस्थिति का प्रतिशत, वीसी रूम की संख्या, उपस्थिति पंजी संधारण इत्यादि की जानकरी ली। उन्होंने कहा कि पेशी के लिए निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व उपस्थित होने वाले बंदियों की सूची तैयार करें तथा अगले दिन पेशी में उपस्थित होने पर उपस्थिति पंजी में बंदियों के हस्ताक्षर वीसी रूम में कराएं। वीसी रूम में बेहतर नेटवर्क उपलब्धता एवं अन्य सुविधाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिये।जेल अधीक्षक ने बताया कि उप जेल में 4 वीसी रूम का सेट -अप है जिसमें आवश्यकता अनुसार बंदियों को पेशी में उपस्थित कराया जाता है। वीसी के माध्यम से पेशी में उपस्थिति का प्रतिशत लगभग 55 प्रतिशत है एवं वर्तमान में लगभग 390 बंदी निरुद्ध हैं जिसमें से कुछ बंदी अन्य प्रदेशों के भी हैं। सीएमएचओ ने बताया कि जिला अस्पताल सहित सभी 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा है जिसके माध्यम से चिकित्सक पेशी में उपस्थित होते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निरुद्ध बंदियों से मुलकात कर उनकी समस्या सुनी और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछ- ताछ करते हुए किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करने कहा गया। उन्होंने बंदियो की दिनचर्या में योग को भी शामिल करने तथा आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर, सुश्री दीप्ति गौते, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अमिता जायसवाल, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी, उप जेल अधीक्षक ए. के. मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आयुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर दिए कई निर्देश

**बलौदाबाजार, 26 जून।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम डाटा सेंटर में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें अनेक आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होने निर्देश दिये कि सभी संबंधित अधिकारीगण प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे सफाई कार्य के निरीक्षण पर निकले। सभी अधिकारी वार्डो में सफाई कामगारों की उपस्थिति की जांच करने उनकी गिनती करवाये और सभी ट्रांसफर स्टेशन का प्रतिदिन निरीक्षण करें। सभी टंआसफर स्टेशन में आने वाली गाडियो की मॉनिटरिंग करेंगे, विशेषकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य में लगी गाड़ियो की मॉनिटरिंग करेंगे। सभी ट्रांसफर स्टेशन के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये है।

आयुक्त ने निर्देशित किया है कि सफाई कार्य और नगर निवेश विभाग के कार्यो में कितना ई चालान किया गया है, प्रतिदिन उसकी रिपोर्ट नगर निगम आयुक्त को दी जाये। कही भी जीव्हीपी नहीं मिलना चाहिए। स्वास्थ्य एवं नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को प्रतिदिन डेशबोर्ड में किये गये कार्यो की एंट्री करवाने के निर्देश प्रतिदिन की कार्यवाही के संबंध में दिये गये है। जोन नगर निवेश विभागो एवं नगर निवेश मुख्यालय उडनदस्ता द्वारा पृथक-पृथक कार्यवाही की जानकारी देने निर्देशित किया गया है। प्रतिदिन कार्यो हेतु जोनो के नगर निवेश विभाग एवं निगम मुख्यालय उडनदस्ता को कार्य संबंधी लक्ष्य देने निर्देशित किया गया है।

आयुक्त ने निर्देश दिये हे कि जीई मार्ग में विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगने दिया जाये। एमओएस के उल्लंघन पर प्रतिदिन प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये गये है।

## संपादकीय

### आपातकाल लोकतंत्र पर काला धब्बा

आपातकाल देश के लोकतंत्र पर काला धब्बा है। यह कभी मिट नहीं सकता। यह हमेशा देश के लोगों को याद दिलाता रहेगा कि देश में ऐसी पार्टी हुई थी जिसने आपातकाल लगाया था, संविधान की हत्या की थी, देश के लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए थे। पूरे देश को जेल में तब्दील कर दिया था। कोई सरकार की आपातकाल के लिए आलोचना नहीं कर सकता था। कोई आलोचना करता था उसे जेल में डाल दिया जाता था और उसके घरवालों को पता नहीं चलता थी कि वह देश के किस जेल में है। आपातकाल देश की लोकतांत्रिक चेतना को खत्म करने का प्रयास था लेकिन देश की लोकतांत्रिक चेतना के कारण ही लोगों ने इसका विरोध किया, पुरजोर विरोध किया और आपातकालीन लगाने वाली पार्टी को इसी पुरजोर विरोध करने के कारण आपातकाल हटाना पड़ा और चुनाव कराना पड़ा और चुनाव में देश की जनता ने कांग्रेस को हराकर सबक सिखाया था कि देश की जनता किसी भी तरह की तानाशाही को सहन नहीं करती है। आपातकाल देश के इतिहास का काला अध्याय है। इसे लगाने वाली पार्टी के लोग चाहते हैं कि देश की जनता इसे भूल जाए, लेकिन पीएम मोदी चाहते है कि आपातकाल की घटना को देश की जनता को हमेशा याद रखना चाहिए, इससे सबक लेना चाहिए ताकि फिर से ऐसी पार्टी सत्ता में न आ सके जिसके डीएनए में परिवारवाद व तानाशाही है। इसी वजह से पीएम मोदी ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है ताकि देश के लोगों को याद रहे कि 25 जून ही वह तारीख है जिस दिन इस देश में संविधान की हत्या की गई थी। लोगों को यह भी याद रहे कि जिस पार्टी ने संविधान की हत्या की है। उसी पार्टी के लोग आज संविधान के रक्षक बनकर देश की जनता को फिर धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं। वह यह भी बताने का प्रयास करेंगे कि पुराना आपातकाल देश की जरूरत था, लगाना जरूरी था और यह भी बताएंगे आज तो अघोषित आपातकाल लगा हुआ है, वह पहले के आपातकाल से भी बुरा है। जनता को अपने विवेक से काम लेना चाहिए और जिन्होंने बार बार जनता को धोखा दिया उनसे सावधान रहना चाहिए।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको घर परिवार में बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी नए घर मकान आदि भी खरीदारी कर सकते हैं। आपकी सेहत में कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती है, जिसको लेकर आप लापरवाही कर रहे थे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है और शत्रु भी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप जीवनसाथी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने की प्लानिंग कर सकते हैं, जिससे रक्त संबंधी रिश्तों में भी मजबूती आएगी। आपके बॉस से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे, लेकिन आस पड़ोस में कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसमें आपको चुप रहना बेहतर रहेगा। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो आपका वह काम भी पूरा हो सकता है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपने परिवार में सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, लेकिन आप किसी से धन उधार लेने से बचें। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ना होगा। आपकी कुछ नई कोशिशे रंग लाएगी। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचने के लिए रहेगा। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। जीवनसाथी के साथ आप कुछ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को कर करने से बचने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। दोस्तों के साथ आपकी खूब पटेगी। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप यदि कोई लोन के लिए अप्लाई कर रहे थे, तो वह आप ले सकते हैं। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में आपको आपसी सामंजस्य बनाए रखना होगा। माता-पिता का आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। आप किसी लंबे समय से रुके हुए काम को लेकर यदि परेशान थे, वह पूरा हो सकता है। आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको वापस मिलने की पूरी संभावना है। प्रॉपर्टी की कोई डील यदि अटकी हुई थी, वह भी फाइनल हो सकती है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसमें आपको माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाना बेहतर रहेगा। आपको किसी काम में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपके कुछ नए विरोधी भी उत्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। कार्यक्षेत्र में आपका काम को लेकर मन परेशान रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपके बॉस आपके कामों को लेकर आपका प्रमोशन कर सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। सरकारी कामों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामो में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आप कोई फैसला अत्यधिक लाभ के चक्कर में न ले, नहीं तो बाद में आपको उसका नुकसान हो सकता है। आपकी दान धर्म के कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आपकी कोई पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जो जातक नौकरी की तलाश में परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी वाणी पर संयम रखें और किसी से कोई भी अहंकार भरी बात ना करें। आप अपने पिताजी से किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। आप अपने मन मनमौजी स्वभाव के कारण परेशान रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे, जिसके लिए किसी काम को लेकर आप कोई पार्टनरशिप करने की सोच सकते हैं। आप संतान की किसी फरमाइश पर नए वाहन को लेकर आ सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। पारिवारिक समस्याएं आपको परेशान करेंगी। आपके भाई बहनों से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती हैं। आप किसी यात्रा पर जा रहे थे, तो सब कुछ समय के लिए स्थगित कर दें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना बनती दिख रही है। यदि कोई बिजनेस को लेकर समस्या थी, तो उसका लिए वरिष्ठ सदस्य आपको मार्गदर्शन दे सकते हैं। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को भी नजरअंदाज करने से बचना होगा।

**नशीली दवाओं का बढ़ता जाल**

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी रोकनें में सक्रिय सामुदायिक सहायता की ज़रूरत हैं

**किशन सनमुखदास भावनानी**



अंतरराष्ट्रीय स्तरपर मादक पदार्थों के सेवन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा उसकी अवैध तस्करी के मामलों से करीब-करीब हर देश पीड़ितहै और यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। खासकर मानवीय युवा पीढ़ी जिन्हें भविष्य की बागडोर संभालनीं है, यानें हमारी अगली पीढ़ी बनने वाले युवा और बच्चों की रुचि मादक पदार्थों में बढ़ती ही जा रही है।हम अपने आसपास भी देखते होंगे कि बच्चे भी सिगरेट, बीड़ी, बीयर पीने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं जो वैश्विक समस्या बनती जा रही है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यहां गुटखा पाबंदी होने के बावजूद स्कूलों के आसपास भी भारी मात्रा में तंबाकू युक्त गुटके मिलते रहते हैं जो बिना मिलीभगत के संभव नहीं है, नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है।शराब, सिगरेट,तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हि!स्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज फुटपाथ और रेल्वे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। लोग सोचते हैं कि वो बच्चें कैसे नशा कर सकते है जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता। परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थो की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर,नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं।नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व्यक्ति मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए जुर्म भी कर सकता है। नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं है। महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का बहुत अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, प्रेम संबंध, दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण, महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार है।इसीलिए ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस 26 जून 2025 के उपलक्ष में हम इस आर्टिकल के माध्यम से,आओ नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी को रोकने सक्रिय भूमिका बढ़ाएं पर परिचर्चा करेंगें।

साथियों बात अगर हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की करें तो, ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने उल्लेख किया है, एक साथ, हम विश्व नशीली दवाओं की समस्या से निपट सकते हैं। मजबूत दृढ़ संकल्प और नशीली दवाओं से संबंधित ज्ञान साझा करके, हम सभी नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एकअंतरराष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।जब ड्रग्स का दुरुपयोग व्यापक रूप से समाज के अमीर और गरीब वर्ग के बीच फैल जाता है तो उस समय सबसे अधिक अनिवार्य है नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामुदायिक सहायता की ज़रूरत की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ़ युद्ध में प्रसिद्ध कहावत रोकथाम इलाज से बेहतर है, काफी प्रासंगिक है। ड्रग्स के दुरुपयोग और इससे जुड़ी अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के दिन जनजागृति बढ़ाना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम मादक पदार्थों की करेंतो गुटखा तंबाकू तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानियां, मदिरा अफीम, कोकीन, भांग, चरस, गांजा, हशीश, एलएसडी आदि अन्य पदार्थ भी मादक पदार्थों के रूप में प्रचलन में है। युवा इनको प्रयोग विभिन्न कारण से कर बैठते हैं और चंगुल में फंस जाते हैं। इनके प्रयोग से दुष्प्रभाव परिवार से विच्छेदन, अपराध प्रवृति की वृद्धि शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी के रूप में सामने आते हैं। कुछ समय के लिए मस्ती देनेवाले नशीले द्रव्यों के निरंतर सेवन से मनुष्य के तन-मन निष्क्रिय और शिथिल हो जाते हैं, दृष्टि कमजोर हो जाती है, पाचनशक्ति मंद पड़ जाती है तथा हृदय और फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है। इससे स्वास्थ्य चौपट हो जाता है और मनुष्य असमय ही मृत्यु का द्वार खटखटाने लगता है। नशीली दवाओं की लत एक कट्टर दानव है जो हमारे समाज के विकास पर रोक लगा सकती है। कैंसर जैसी अनेक भयंकर बीमारियां हमेशा सक्रियता से होने का डर बना रहता है। साथियों बात अगर हम भारत में नशा मुक्ति के लिए सरकार ने कौन-कौन से कदम उठाए हैं, की करें तो भारत में नशा मुक्ति के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, ताकि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को रोका जा सके।यहां कुछ प्रमुख सरकारी प्रयासों का विवरण दिया गया है:(1)नशा मुक्त भारत अभियान-यह अभियान अगस्त 2020 में शुरू किया गया था,इसका उद्देश्य देशभर में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना, लोगों को सहायता देना और पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराना है।अब तक 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा चुका है, 3 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थान और 8,000 से अधिक मास्टर वॉलंटियर्स इस अभियान में जुड़े हैं। (2) कानूनी और प्रशासनिक सख्ती-नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस एक्ट के तहत सख्त कानून बनाए गएहैं2014 के बाद से ड्रग्स के मामलों में 152 पेर्सेंट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, गिरफ्तारियों में 400 पेर्सेंट की वृद्धि हुई है और जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 30 गुना बढ़ा है। 2014 से अब तक 12 लाख किलोग्राम से अधिक ड्रग्स नष्ट की गई हैं। (3) इंटर-एजेंसी समन्वय और तकनीकी उपाय -नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर और जॉइंट कोऑर्डिनेशन कमेटी के जरिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाया गया है।सिम्स पोर्टल विकसित किया गया है, जिससे ड्रग्स से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग और डेटा ट्रैकिंग आसान हुई है।समुद्री मार्गों की निगरानी के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाई गई है। (4) जागरूकता और शिक्षा-स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। युवाओं और अभिभावकों के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाते हैं, ताकि वे नशे के दुष्परिणाम समझ सकें और समय रहते मदद ले सकें। (5) पुनर्वास और सहायता केंद्र- देशभर में सरकारी और गैर-सरकारी पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां नशा पीड़ितों को इलाज, काउंसलिंग और पुनर्वास की सुविधा मिलती है। (6) सीमा सुरक्षा और तस्करी पर नियंत्रण-भारत की सीमाओं पर सुरक्षा एजेंसियों को मजबूत किया गया है, ताकि ड्रग्स की तस्करी को रोका जा सके।ड्रग्स की तस्करी के मामलों में वित्तीय जांच और संपत्ति जब्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है। (7) समुदाय और परिवार की भागीदारी-सरकार समुदाय और परिवारों को भी नशा मुक्ति अभियान में शामिल कर रही है, ताकि समाज का हर वर्ग इसमें भरपूर स्वेच्छा से सहयोग दे सके।

साथियों बात अगर हम 26 जून दिवस को भारत में मनाने की करें तो पीआईबी के अनुसार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय हर वर्ष 26 जून को मादक पदार्थ और उनकी अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाता है। मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने के लिए यह प्रमुख मंत्रालय है। यह मादक पदार्थों के इस्तेमाल की रोकथाम के सभी पहलुओं की निगरानी करता है, जिसमें समस्या की सीमा का आकलन, उसके रोकथाम का कार्य, इलाज और व्यसन करने वालों के पुनर्वास, सूचना का प्रसार और लोगों में जागरूकता पैदा करना शामिल है। मंत्रालय स्वयंसेवी संगठनों के जरिए व्यसन करने वालों की पहचान, उनका इलाज और उनके पुनर्वास के लिए समुदाय आधारित सेवाएं प्रदान करता है। मंत्रालय नशे की लत छुड़ाने वाले केन्द्रों को चलाने के लिए देशभर के एनजीओ को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने नशे की लत छुड़ाने के लिए 24 घंटे का एक राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाईन नंबर स्थापित किया है, जो नशा करने वालों, उनके परिवार और समाज की बहुत ही मदद करता है।

साथियों बात अगर हम इस दिवस के इतिहास की करें तो, 7 दिसंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र की 93वीं पूर्ण बैठक के बाद , 13 दिसंबर 1985 के संकल्प 40/122 को याद करते हुए हर साल 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है ।यूएनओ डीसी के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 200 मिलियन लोग कोकीन, भांग, मतिभ्रम, अफीम और शामक सम्मोहन जैसी अवैध दवाओं का उपयोग कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एक अंतरराष्ट्रीय समाज बनाने में मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित था। इस संकल्प ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर 1987 के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट और निष्कर्षों के संबंध में आगे की कार्रवाई की सिफारिश की। संकल्प के बाद 1991 से 2000 के वर्षों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र दशक के रूप में घोषित किया गया था। 1998 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वैश्विक नशीली दवाओं की समस्या के समाधान के लिए एक राजनीतिक घोषणा को अपनाया। घोषणा समस्या से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की प्रतिबद्धता को व्यक्त करती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी रोकनें में सक्रिय सामुदायिक सहायता की ज़रूरत हैं,नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून 2025 पर विशेष है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने समुदायिक सहायता की जरूरत है।मादक पदार्थों के प्रयोग से दुष्प्रभाव-परिवारों से विच्छेदन, आपराधिक प्रवृत्ति में वृद्धि, शारीरिक व मानसिक कमजोरी के रूप में सामने आती है।

# क्या गलत था पुराना शैक्षणिक कैलेंडर ?

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**



बहुत वर्षों से मेरे मन में एक अनसुलझा सवाल मुझको उलझाए हुए है । जब मैं अपनी स्कूली शिक्षा के दौर से गुजर रहा था । बड़ा सुकून महसूस किया करता था । 1 जुलाई से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हुआ करती थी । सितंबर माह में तिमाही परीक्षा , लगभग दिसंबर माह में छमाही परीक्षा और फिर मार्च के अंत तक या अप्रैल माह के प्रथम माह तक वार्षिक परीक्षा संपन्न की जाती थी । इस बीच खेलकूद की गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसे वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन कहा जाता था , भी संपन्न हुआ करते थे । सबसे बड़ी बात यह कि सारी गतिविधियां बिना किसी व्यवधान के ही जाया करती थीं । अप्रैल के अंतिम दिनों में परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के उपरांत गर्मियों की छुट्टियां शुरू हुआ करती थीं । इस बीच दीपावली का बड़ा पर्व भी हमेशा की तरह आया करता था । नवरात्र पर्व की अष्टमी तिथि या एक - दो दिन आगे - पीछे दीपावली की छुट्टी शुरू हो जाया करती थी । यह छुट्टियां लगातार लगभग 25 दिन चल करती थीं । पर्व का उत्साह सिर चढ़कर बोला करता था । बच्चे पूरी तरह गर्मी और सूर्य की तपन से राहत पाया करते थे । न जाने उक्त कैलेंडर में क्या कमी अथवा बड़ी त्रुटि कर्णधारों को नजर आई , कि उसे पूरी तरह बदल दिया गया ! अब भरी गर्मी में पूरे अप्रैल माह के अंत तक उन्हें अगली कक्षा की तैयारी में झोंका जाना शुरू कर दिया गया ! इतना ही नहीं मानसून के सक्रिय होने से पहले पुनः 15 जून से तपती दोपहरी में स्कूल की दहलीज पर पहुंचने का फरमान विद्वान शिक्षाविदों द्वारा दिया जाने लगा है ! आज मैं अनेक विद्वानों की नजर में बे-अक्ल कहा जाऊं तो मुझे कोई शिकवा - शिकायत नहीं है । केवल इतना जानना चाहता हूं कि पुराने शैक्षणिक सिस्टम और अत्याधुनिक , वर्तमान के कैलेंडर के बीच शिक्षा जगत के कर्णधारों ने क्या उल्लेखनीय प्रगति की ? क्या पहले के शिक्षाविदों ने जो वार्षिक शैक्षणिक गतिविधि को अपनाया था वह दूषित थी ? क्या उस वक्त शिक्षा ग्रहण करने वालों को आधी - अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा में बैठने विवश होना पड़ रहा था ? क्या परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर शिक्षार्थी नहीं दे पा रहा था। यदि इन प्रश्नों का उत्तर न में है तो फिर एक सु - व्यवस्थित समय - सारिणी को क्यों बदला गया ? दूसरी ओर यदि मेरे प्रश्नों का उत्तर हां में है तो यह बताया जाए कि नए कैलेंडर में बच्चों पर ज्यादा ध्यान दिया रहा है या फिर कहीं न कहीं इसे शिक्षा माफियाओं के स्वार्थ से तो नहीं जोड़ दिया गया है ? मैं आखिर क्यों इस तरह की तुलना में उलझ पड़ा हूं ? जहां तक मैं सोचता हूं इस वक्त के सिस्टम में बच्चों के स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया गया था , जो अब पूरी तरह विलुप्त दिख रहा है । नए शैक्षणिक कैलेंडरों बच्चों की छुट्टियां लगभग खत्म कर दी गई हैं ! मार्च माह के तीसरे सप्ताह तक परीक्षा में उलझे बच्चों को बमुश्किल एक सप्ताह का आराम मिल पाता है । 1 अप्रैल से पुनः 30 अप्रैल तक कक्षाएं लगाई जाती हैं ! आप यह जरूर कह सकते हैं कि 1 मई से 14 जून तक बच्चों को छुट्टी दी जा रही है । मैं इसे नहीं मानता ! कारण यह कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बड़ी चालाकी के साथ " समर क्लासेज " के नाम पर बच्चों को बाहर जाने से रोक दिया जाता है ! नाना - नानी सहित दादा - दादी का प्यार पाने बच्चे तरसा दिए जा रहे हैं ! वह भी एक समय था जब बच्चे स्कूल की छुट्टियां शुरू होते ही मैदानों में पहुंचने लगते थे । शाम 4 बजे से हर शहर के खेल मैदान बच्चों के खेल जीवन और उनकी उन्मुक्त आवाजों से गूंज उठते थे । हॉकी से लेकर फुटबॉल , वॉलीबॉल , बास्केटबॉल के साथ ही अपनी चाहत के अनुसार बच्चे बेसबॉल के ग्राउंड में धमाचौकड़ी करते देखे जाते थे । आज की नवीन व्यवस्था ने छुट्टियों के गिने - चुने दिनों को भी चुनौती पूर्ण बनाते हुए बच्चों को कोचिंग कक्षाओं से जोड़ दिया है । कुछ इस तरह की स्थिति निर्मित की जा रही है कि बच्चों के साथ ही पालकों को भी ऐसा लगने लगा है कि यदि बच्चे खेल के मैदान में होंगे तो अपना भविष्य नहीं संवार पाएंगे ! " कुल मिलाकर उस कहावत को साइन बताने का प्रयास सफल होता दिख रहा है जो कुछ इस तरह है - " पढ़ोगे - लिखोगे तो बनोगे नवाब , खेलोगे - कूदेगो तो बनोगे खराब .. । " मैं पूछना चाहता हूं आज से चार दशक पूर्व के उन लोगों से , जो या तो अब भी अपने सेवानिवृत्ति की प्रतीक्षा में कार्यरत हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं , क्या आप लोगों ने भी उस सिस्टम में कोई त्रुटि पाई थी ? यदि नहीं तो अपने बच्चों के साथ अन्याय क्यों ? बच्चों के स्वास्थ्य से लेकर सीमित पाठ्यक्रम के साथ भविष्य निर्माण का मजबूत आधार तय करने वाले बेहतरीन शैक्षणिक कैलेंडर को पुनः लागू करने सरकार के कान खड़े क्यों न किए जाएं ? कुछ चर्चा इस बात पर भी की जानी चाहिए कि प्री - प्राइमरी , प्राइमरी तथा मिडिल कक्षाओं के बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करने की पूर्व घोषणा कब पूरी की जाएगी ? आज नर्सरी से लेकर ऊपर के जी के बच्चों की पुस्तकों एवं कॉपियों का सेट 3000 या उससे अधिक में मिल रहा है । निजी पुस्तक प्रकाशकों द्वारा छपी गई पुस्तकों के माध्यम से पालकों को लूटने का ही काम किया जा रहा है । छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए जरूरी पुस्तकें एनसीईआरटी के द्वारा प्रकाशित कराकर इस लुट से बचाया जा सकता है । गौरतलब है कि एनसीईआरटी द्वारा छापी गई कक्षा पहली से आठवीं की पुस्तकें मात्र 400 - 500 रूपये में उपलब्ध हैं । इसी तरह हाई एवं हॉयर सेकेंडरी की पुस्तकें भी अधिक से अधिक 600 रुपयों तक आसानी से उपलब्ध हैं । शिक्षा को व्यवसाय नहीं सेवा के दायरे में ही रहने दिया जाए । इस हेतु केंद्र स्थित सरकार के साथ ही राज्य सरकारों को भी चिंता करनी चाहिए।

## सेहत

### 45+ की उम्र में भी दिखेंगी जवां और खूबसूरत, रोजाना करें फेशियल योगा

फेशियल योगा के लिए 15 मिनट रोजाना निकालना चाहिए। हालांकि हम पूरे दिन हाथ-पैर का उपयोग करते हैं, इसलिए वह एक्टिव रहते हैं। लेकिन फेस की मसल्स ज्यादा एक्टिव नहीं होती है। इससे चेहरे की स्किन ढीली होकर लटकने लगती है। फेशियल योगा के बारे में तो हम सबने बहुत कुछ सुना है। लेकिन क्या आपको मालूम के रोजाना फेशियल योगा करने से आप 45 साल की उम्र से अधिक होने के बाद भी 10 साल कम नजर आएंगी। अगर आप रोजाना सही तरीके से फेशियल योगा करती हैं, तो इससे फेस पर झुर्रियां और झाइयां दोनों ही कम नजर आती है। इससे आपकी उम्र का अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है। इसलिए हर महीने रोजाना 1 घंटा अपने लिए जरूर निकालना चाहिए और एक्सरसाइज करनी चाहिए। फेशियल योगा के लिए 15 मिनट रोजाना निकालना चाहिए। हालांकि हम पूरे दिन हाथ-पैर का उपयोग करते हैं, इसलिए वह एक्टिव रहते हैं। लेकिन फेस की मसल्स ज्यादा एक्टिव नहीं होती है। इससे चेहरे की स्किन ढीली होकर लटकने लगती है। उम्र से पहले आप बूढ़े नजर आने लगती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ फेशियल योगा के बारे में बताने जा रहे हैं।

**फेशियल योगा**–बता दें कि फेशियल योगा करने से पहले फेस की स्किन में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। इसको करने से स्किन ग्लोइंग बनती है और मसल्स भी एक्टिव रहती हैं और फैट जमा नहीं होता है। फेस का शेप अच्छा रहता है और स्किन ढीली नहीं पड़ती है। इन फेशियल योगा को करने से रिंकल्स, एजिंग स्पॉट्स और पिगमेंटेशन की परेशानी नहीं होती है।

**'O' फेशियल योगा**–इस योगा को करने से होंठों के आसपास आने वाली फाइन लाइंस हल्की पड़ जाती है। अगर आप भी चाहती हैं कि यह फाइन लाइंस नहीं आए, तो आपको पहले से ही यह योगा करना शुरूकर देना चाहिए। इस फेशियल योगा को करने से पहले फेस को थोड़ा सा वॉर्मअप कर लें। वॉर्मअप के लिए मुंह में हवा भरकर 2 सेकेंड के लिए होल्ड करें और फिर हवा छोड़ दें। ऐसा कम से कम 10 बार करें। अब होंठों को ओ शेप में लाएं। 1 मिनट तक इस पोजीशन में खुद होल्ड करें और फिर सामान्य जैसे हो जाएं। इसको 20 के सेट में कम से कम 5 बार करें। हर सेट के पूरा होने के बाद 2 सेकेंड का ब्रेक लें।

## सू-दोकू 91

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## घने बालों में जूं और लीख ढूंढना होगा आसान

जूं और लीख के कारण लगातार होने वाली खुजली शर्मिंदगी का कारण बनती है और चिड़चिड़ापन होने लगता है। ऐसे में अगर आपके बाल भी घने हैं, तो कुछ आसान और असरदार तरीके से मिनटों में सिर की जांच करके इन पैरासाइट्स का पता लगा सकती हैं। घने-लंबे बाल देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। लेकिन जब इन्हीं घने और लंबे बालों में बिन बुलाए मेहमान यानी की जूं और लीखें अपना घर बना लेती हैं, तो सुकून काफूर हो जाता है। घने और लंबे बालों में इन पैरासाइट्स को ढूंढना किसी मिशन से कम नहीं होता है। लेकिन जूं और लीख के कारण लगातार होने वाली खुजली शर्मिंदगी का कारण बनती है और चिड़चिड़ापन होने लगता है। ऐसे में अगर आपके बाल भी घने हैं, तो कुछ आसान और असरदार तरीके से मिनटों में सिर की जांच



करके इन पैरासाइट्स का पता लगा सकती हैं।

**ड्राई चेकिंग**–सबसे पहले बालों को नॉर्मल कंघी से अच्छे से सुलझा लें। जिससे कि बाल उलझे हुए न लगें। बालों को छोटे-छोटे सेक्शन में बांट लें। घने बालों के लिए यह स्टेप जरूरी है, आप हेयर क्लिप्स का यूज करके बाकी बालों को बांध सकती हैं। अब फाइन-टूथ कॉम्ब लें और एक-एक सेक्शन में स्कैल्प से शुरू करते हुए बालों के सिरों तक कंघी करें। हर स्ट्रोक के बाद कंघी को किसी कागज या सफेद तौलिए पर झाड़ या पोंछ लें।

**वेट कॉम्बिंग से निकालें जूं**-सबसे पहले बालों को हल्का गीला करें और अच्छी मात्रा में कंडीशनर लगाएं। इससे बाल चिकने हो जाएंगे और कंघी करना आसान होगा। कंडीशनर लगाने से जूं हिलना-डुलना बंद हो जाएगा और इनको पकड़ना काफी आसान होता है। अब सामान्य कंघी से बालों को सुलझाकर छोटे-छोटे सेक्शन में बांट लें। इसके बाद जूं वाली कंघी से हर सेक्शन में कंघी करें और बालों के सिरे तक लाएं। इससे जूं आसानी से सिर से निकल जाएंगी।

**विनेगर का इस्तेमाल**–आप सफेद सिरके की मदद से भी सिर से जूं निकाल सकती है। क्योंकि इसकी गंध जूं को भगाने पर मजबूर कर देती है और कंघी में आसानी से जूं आ जाती हैं।

## एक नजर

### बस्तर संभाग के 3 जिलों की समीक्षा बैठक में योजनाओं पर की गई चर्चा



**दंतेवाड़ा, 26 जून।** संयुक्त संचालक बस्तर संभाग डॉ के. के. नाग के अध्यक्षता में संभाग के 3 जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा का संयुक्त रूप से दंतेवाड़ा के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला नोडल अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखंड प्रबंधक सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभाग में संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वयन एवं कार्य योजना बनाकर कार्य करना, विभागीय योजनाओं को जन मानस तक पहुंचना, लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, पहुंचविहीन ग्रामो जो बारिस से कटाव हो जाता है। ऐसे गांव का चयन कर दवाई की व्यवस्था करना एवं अन्य पर चर्चा किया गया।

### 91 युवाओं का रायपुर बौद्धिक भ्रमण, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दंतेवाड़ा, 26 जून।** राज्य शासन के द्वारा संचालित ÷नियद नेल्लानार÷ कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के 13 पंचायतों से चयनित 91 युवाओं को बौद्धिक भ्रमण के लिए रायपुर रवाना किया गया। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज इन युवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ÷यह भ्रमण आपके जीवन में एक नई दृष्टि लेकर आएगा। आपको राज्य की राजधानी रायपुर में शासन, प्रशासन, संस्कृति और आधुनिक संरचनाओं को करीब से देखने और समझने का मौका मिलेगा। आप सभी अनुशासन में रहें, एक-दूसरे की मदद करें, और बिना अनुमति के बस से इधर-उधर न जाएं। भ्रमण के दौरान युवाओं द्वारा रायपुर स्थित नालंदा परिसर, छत्तीसगढ़ विधानसभा, जनजातीय एवं आदिवासी संग्रहालय, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, तथा रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया जाएगा।

### छात्रावासीय छात्रों ने नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव किया



**सुकमा, 26 जून।** जिले के पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक छात्रावासो सीट वृद्धि करने, स्कूलों मे सभी छात्रों एडमिन करने, पिछला सत्र का भोजन सहायक राशि दिया जाने की मांग को लेकर घेराव, सुकमा जिला मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालय मे वर्षो से पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक छात्रावासो मे सीट मात्र 50-50 सीटर ही स्वीकृति है, इस कारण छात्रों को इस 50 से ज्यादा नही रखा जा रहा है, इससे हमारे सैकड़ो छात्र को छात्रावास नही मिलने से शिक्षा से वंचित हो जायेगें, स्कूलों मे भी प्रवेश नही दिया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण को तत्काल रद्द करने तथा रिक्त पदो तत्काल भर्ती करने की मांग को लेकर छात्र नारेबाजी करते रहे। मांगों की निराकरण नही तो करेंगे जल्द होगा उग्र प्रदर्शन।

### दोरनापाल मंडल में आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में भाजपा ने मनाया

**दोरनापाल, 26 जून।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशअनुसार भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल दोरनापाल के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में दोरनापाल के मुख्य चौक में आपातकाल के विषय को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सभा का आयोजन कर आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र भदोरिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहां की 25 जून 1975 को तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की भारत के जनता को कभी नहीं भूलने वाली काली यादें दी और लोकतंत्र को कुचलने का कार्य किया।

# ब्राह्मण समाज 618 वर्षों से बस्तर गोंचा महापर्व का आयोजन कर रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 26 जून।** 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज अपने अनवरत् 618 वर्षों से समृद्ध रियासतकालीन परम्परा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 11 जून 2025 से 6 जुलाई तक बस्तर गोंचा महापर्व का आयोजन कर रहा है। देवस्नान पूर्णिमा (चंदन जात्रा) पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा महापर्व 2025 का आगाज हो चुका है, भगवान श्री श्री जगन्नाथ जी के अनसर काल की समाप्ति के साथ 26 जून 2025 को नेत्रोत्सव पूजा विधान के उपरांत दिनांक 27 जून को पारम्परिक बस्तर के तोप (तुपकी) के गर्जना के बीच श्रीगोंचा रथयात्रा पूजा विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के 22 विग्रहों को तीन रथों पर रथारूढ़ कर परिकमा उपरांत जनकपुरी (गुण्डिचा मण्डप) में विराजित किये जायेंगे, जहाँ अनवरत 9 दिनों तक श्रद्धालु भगवान के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। इस दौरान निर्धारित कार्यकमों के अनुसार 27 जून से 5 जुलाई तक प्रत्येक दिवस समाज के द्वारा विविध धार्मिक / सांस्कृतिक अनुष्ठान (कार्यक्रमों) की परम्परा के निर्वहन की व्यवस्था भी की गई है। गोंचा महापर्व के दौरान प्रत्येक दिवस संध्या 7¬30 बजे भगवान की महाआरती के उपरांत भजन-कीर्तन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे, जिसमें स्थानीय एवं सांस्कृतिक मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति होगी। समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष दिनांक 30 जून को अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन श्री बनमाली पानीग्राही परिवार जगदलपुर के द्वारा किया जावेगा। निःशुल्क उपनयन संस्कार दिनांक 4 जुलाई को समाज के द्वारा सम्पन्न करवाया जावेगा। दिनांक 01 जुलाई 2025 हेरापंचमी को दोपहर में समाज के बुजुर्गो का सम्मान के साथ-साथ भगवान जगन्नाथ को सलामी देने हेतु तुपकी बनाने वाले ग्रामीण तुपकी निर्माताओं का भी सम्मान किया जावेगा, हेरापंचमी के शुभ अवसर पर संध्या बेला में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर से लक्ष्मीजी की डोली नगर भ्रमण कर जनकपुरी सिरहासार पंहुचेगी, जहां लक्ष्मी-नारायण संवाद का कार्यकम सम्पन्न होगा।

दिनांक 02 जुलाई 2025 को गुण्डिचा

# डिप्टी सीएम साव ने दी 25 लाख की मंजूरी

- गीदम में होगा मंदिर और सामाजिक भवन का निर्माण
- पार्षद विनोद साहू की पहल पर महत्वपूर्ण सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 26 जून।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने गीदम में देवांगन समाज भवन एवं मंदिर निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। यह सौगात गीदम नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद विनोद साहू की पहल से मिली है। श्री साहू ने बताया कि गीदम के वार्ड क्रमांक 5 में सामुदायिक भवन (शिव मंदिर) निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 91 हजार तथा वार्ड क्रमांक 6 में देवांगन समाज भवन निर्माण के लिए 15 लाख 66 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस मंजूरी के लिए पार्षद विनोद साहू, देवांगन समाज के पदाधिकारी व गीदम नगर वासियों की ओर से नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पार्षद विनोद साहू प्रारंभ से ही सामाजिक कार्यो में आगे रहे हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के साथ उनके आत्मीय संबंधों का लाभ सामाजिक क्षेत्र में गीदम शहर को मिलने लगा है। इस सक्रियता और सजगता ने विनोद साहू को एक शानदार जन प्रतिनिधि के रूप में भी पहचान दिलायी है।

### एनआईटी में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला 27 से

**रायपुर, 26 जून।** एनआईटी रायपुर में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा तनाव प्रबंधन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ 27 जून से शुरू होगा। उक्त कार्यशाला का समापन 30 जून को होगा। अंतिम दिवस 30 जून को सुबह 11.30 बजे से 1.30 बजे के मध्य संस्थान के बाहर के प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले सकेंगे। कार्यशाला में इंस्टीट्यूट की मनोवैज्ञानिक डॉ. हिना चावड़ा द्वारा स्वस्थ जीवन शैली के लिए तनावमुक्त जीवन कैसे जिया जाए इस पर सारगर्भित विचार उपस्थितजनों के समक्ष प्रस्तुत किये जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने की 8 प्रकरणों की सुनवाई

- आयोग में आया ऑनलाइन गेमिंग एप का मामला, डीएसपी दंतेवाड़ा को दिया गया जांच का आदेश, 21 साल की युवती ने दूसरी युवती से 15 लाख रुपये की ठगी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 26 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक एवं सदस्यगण श्रीमती दीपिका शोरी, श्रीमती ओजस्वी मंडावी, श्रीमती सरला कोसरिया, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने आज कलेक्टोरेट दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ किरणमयी की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 332वीं एवं दंतेवाड़ा जिला में आज 5वीं सुनवाई हुई। इस क्रम में जिले में आयोजित जनसुनवाई में 08 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। आज की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में ऑनलाइन गेमिंग एप्प खेलों में ठगी का प्रकरण प्रकाश में आया। इसके तहत आवेदिका ने शिकायत दर्ज किया कि अनावेदिका ने अपने खाते पर जून 2024 से मार्च 2025 तक 10 लाख रुपये फोन पे के माध्यम से लिया हुआ है और वह पैसे वापस नहीं कर रही है। इस संबंध में आवेदन में आवेदिका का खाता न0 एवं ट्रांजेक्शन हिस्ट्री की फोटो कॉपी आवेदन के साथ संलग्न किया गया। इसके अनुसार इस पैसे के जमा होने की बात अनावेदिका स्वीकार करती है किंतु वह यह दलील दे रही है कि यह पैसा मोबाइल ऑनलाइन गेमिग एप्प खेलों में लगाया गया था। जो आवेदिका के कहने पर लगाया था। आवेदिका का कहना है कि अनावेदिका ने उससे अपने घर की परेशानी बताकर उधार मांगा था, और मांगने पर पैसा वापस नहीं दे रही थी और पैसा वापस करने के नाम पर आवेदिका को डरा धमका कर फिर से उससे पैसे मांग रही है। इसके तहत महिला आयोग ने इस पूरे मामले में बड़े अपराधिक षड्यंत्र की बात को स्वीकार करते हुए अनावेदिका का मो0न. तथा आवेदिका का मो0 न0 कि कम्प्लिट ट्रांजेक्शन, चैटिंग तथा साइबर थाना से इनके लोकेशन की जांच कराया जाना को आवश्यक बताते हुए तथा आवेदिका और अनावेदिका का मोबाइल जब्ती का आदेष देते हुए दोनों मोबाइल डीएसपी आकांक्षा सिंह ठाकुर को सुपुर्द किया। इसके तहत वह इस पूरे प्रकरण की पुलिस सघन जांच करके इसकी जांच रिपोर्ट आयोग को भेजेंगी। इसके अलावा इस मामले में आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मडावी के माध्यम से आयोग अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक द्वारा रिपोर्ट लिया जाएगा।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में बस्तर कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन



- भारी बारिश में किया जगदलपुर डीईओ कार्यालय का घेराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा शिक्षा न्याय के तहत स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के विरोध में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ डीईओ कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष व प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सुशील मौर्य ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 45 हजार शिक्षकों की नई भर्ती का वादा किया था, और अब 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी,यह सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। सरकार बनने के बाद 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गई है अब 5000 शिक्षक भर्ती की घोषणा किये है, लेकिन यह शिक्षक भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 शिक्षक पद समाप्त किये जा रहे है। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे? इसीलिए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के जरिए शिक्षकों के पद ही समाप्त किए जा रहे हैं।इससे न सिर्फ शिक्षकों का भविष्य संकट में आ गया है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती माताओं की शिविर में निशुल्क जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 26 जून।** शासन के निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष मातृ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 24 जून 2025 को जिला चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। इस अभियान के माध्यम से गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही में महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल सेवाओं का संपूर्ण पैकेज उपलब्ध कराया जाता है, जिससे समय रहते गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं की पहचान कर उचित उपचार दिया जा सके। शिविर के दौरान प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा हीमोग्लोबिन की जाँच, सीबीसी, ब्लड शुगर, सिकलीन, मलेरिया, मूत्र परीक्षण, एल्ब्युमिन, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, बीपी, इसके अतिरिक्त, गर्भवती महिलाओं को टी.डी. स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।



# सर्चिंग से लौट रहे जवान हुए दुर्घटना का शिकार



- 2 जवान समेत 3 घायल सीआरपीएफ ने की घायलों की मदद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 जून।** सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र अंतर्गत चिकपाल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग जिला पर एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई जिसमें सर्चिंग से लौट रहे डीआरजी के दो जवान सहित तीन लोग घायल हो गए । इस दौरान सीआरपीएफ की 159 वीं बटालियन के कमांडेंट कुमार मयंक , द्वितीय कमान अधिकारी ,मनीष कुमार ,मेडिकल अफसर डॉक्टर क़ासिद समेत जवानों ने मौके पर पहुंचे घायल डीआरजी के जवानों और ग्रामीण की मदद करते हुए प्राथमिक उपचार किया और सभी घायलों को सीआरपीएफ के एंबुलेंस के जरिए सुकमा जिला अस्पताल रेफर किया। बता दे की सुरक्षाबल के जवान अंदरुनी इलाकों से मोटरसाइकिल के जरिए सुकमा जिला मुख्यालय लौट रहे थे इसी दौरान चिकपाल के पास एक ग्रामीण की मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर जवानों के काफिले से टकरा गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार डीआरजी के दो जवान बुरी तरह घायल हो गए फिलहाल दोनों ही जवान की स्थिति सामान्य बताई जा रही है । मिली जानकारी के अनुसार घायल जवानों के नाम अशोक कुंजाम, मांडवी राजकुमार वहीं घायल ग्रामीण का नाम सुनील दुर्गा बताया जा रहा है।

# डीएवी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ



**किरंदुल, 26 जून।** डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में आज दिनांक 24/6/2025 को शैक्षणिक सत्र 2025 द्ध26 में वर्ष भर चलने वाली पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाएं (ष्ष्ट)कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सभागार में विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के श्रीवास्तव जी एवं सभी सदन प्रभारी के पी सिंहा , राजकुमार राय, रूपा सक्सेना एवं धरती वर्मा तथा ष्ष्ठ प्रभारी एम के डागरिया,नीति सिंह तेजिंदर कौर,रेखा सिंह एवं अर्चना बघेल के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ आरम्भ हुआ। विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत विद्यालय में निरंतर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं चारों सदनों के मध्य आयोजित की जाती है आज इस कार्यक्रम का आरंभ विभिन्न सदनों के मध्य कक्षा छठवीं से आठवीं कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए भजन प्रतियोगिता एवं कक्षा नवमी से 12वीं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा राजस्थानी मराठी, छत्तीसगढ़ी एवं बंगाली लोकनृत्य का शानदार प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय के द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की एवं भविष्य में सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को प्रोत्साहित किया।

# ई-ऑफिस प्रणाली से होगा शासकीय कामकाज का डिजिटलीकरण

- कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों कर्मचारियों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 26 जून।** जिले में शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु बुधवार को कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और तकनीकी पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित हुई जिसमें प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र का संचालन डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग से आए ई-जिला प्रबंधक से मास्टर ट्रेनर्स श्री रवि निषाद एवं श्री गजेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य परंपरागत कागजी प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म में रूपांतरित कर कार्य संचालन की गति और गुणवत्ता में सुधार लाना है। इससे न केवल निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को फाइल प्रबंधन, ई-नोटिंग, ई-डिस्पैच, पत्राचार की प्रक्रिया, दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग, यूजर एक्सेस कंट्रोल और कार्य प्रवाह प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने प्रशिक्षकों को लाइव डेमो के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार से ई-ऑफिस का उपयोग दैनिक कार्यों में किया जा सकता है। सैयद साकिब अली ने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी विभागों को पेपरलेस करने के साथ सरकारी सेवाओं को डिजिटल माध्यम से आम नागरिकों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

# चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**दंतेवाड़ा, 26 जून।** पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( नक्सल ऑप्स) स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक- प्रहलाद कुमार साहू द्वारा रोज हो रहे सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने और वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज पूर्ण रखने के हेतु रोज अलग-अलग तरीके से समझाईश देते हुए जागरूक की जा रही है, बावजूद यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए- 01 बिना सीट बेल्ट, 21 बिना हेलमेट और 01 तीन सवारी कुल 23 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर- 10500.00 (दस हजार पांच सौ रुपये) का समन शुल्क वसूल किया गया है। ?? साथ ही साथ रोजाना की तरह आज भी वाहनों पर स्थ्रष्ठ लाइट न लगाने/सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने/ शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने/मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने/अपर-डिपर का उपयोग करने, नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने आदि के संबंध में समझाईश दिया गया।



- 23 वाहन चालकों पर की गई चालानी कार्रवाई

# यातायात पुलिस ने कांग्रेस प्रदेश सचिव का काटा चालान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- प्रदेश सचिव राजकुमार तामो ने नहीं बांधा था सीट बेल्ट
- दंतेवाड़ा में यातायात पुलिस लगातार कर रही है नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कारवाई



**दंतेवाड़ा 26 जून।** दंतेवाड़ा यातायात पुलिस बिलकुल सख्त नियम के तहत हर रोज नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले दुपहिये एवं चार पहिये वाहन चालकों के खिलाफ धड़ाधड़ कारवाई कर रही है। नियम तोड़ने वाला कोई नेता या रसूखदार व्यक्ति ही क्यों न हो किसी को भी यातायात पुलिस नहीं बख्श रही। इसी कडी में मंगलवार को दंतेवाड़ा बचेली रोड पर बांगाबाड़ी के पास जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजकुमार तामो के बोलेरो वाहन को रोककर सीट बेल्ट नहीं बांधने के चलते श्री तामो का चालान काटा और उन्हें हादसे से बचने सीट बेल्ट बांधकर ही ड्राईविंग करने की नसीहत दी।

राजकुमार तामो ने भी यातायात पुलिस की इस कारवाई को विधि संवत बताया और सहर्ष ही अपनी गलती मानते हुए उन्होने 500 रूपए का जुर्माना भरा और आगे से सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की बात दोहराई। बता दें कि ये वहीं राजकुमार तामो है जिनके घर पर शराब घोटाले से संबंधित ईबोडबल्यू के अधिकारियों ने महिने भर पूर्व उनके कुम्हाररास स्थित पैतृक मकान एवं दंतवोड़ा स्थित सरकारी बंगले में रेड मारा था जिसके बाद से राजकुमार तामो सुर्खियों में आए थे। कांग्रेस नेता राजकुमार तामो पूर्व केबिनेट मंत्री कवासी लखमा के काफी खास हैं।

# राज्यपाल ने खैरागढ़ जिले में गोद ग्राम सोनपुरी के विकास कार्यों का लिया जायजा

**रायपुर, 26 जून।** स्वास्थ्य, शिक्षा, जल आपूर्ति, खेती और स्व-सहायता समूहों पर दिया गया विशेष जोर राज्यपाल श्री रमेन डेका दो दिवसीय दौरे पर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक लेकर विकास कार्यों की जानकारी ली। विशेष रूप से उन्होंने अपने गोद लिए ग्राम सोनपुरी में संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की।

राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, उद्यानिकी और जल जीवन मिशन जैसे बुनियादी सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुँचना चाहिए, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



### खेती और प्रोसेसिंग पर बल

राज्यपाल श्री डेका ने ग्राम सोनपुरी में टमाटर की खेती की संभावनाओं को देखते हुए बाड़ी में टमाटर उत्पादन करने कहा। उन्होंने कहा कि टमाटर के अधिक उत्पादन को देखते हुए उसकी प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिले और फसल की बर्बादी न हो।

### शत-प्रतिशत योजना का लाभ देने निर्देश

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए।

### जल जीवन मिशन के तहत नल-जल पहुंच सुनिश्चित करें

जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने सोनपुरी में प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल स्रोतों की सततता बनाए रखने के लिए वर्षा जल संग्रहण, सोखता गड्ढे और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण जैसे उपायों को प्राथमिकता देने को कहा।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर सांस्कृतिक भवन मैदान में लगी छायाचित्र प्रदर्शनी




**बीजापुर 26 जून ।** आपातकाल की 50 वीं वर्षगाठ के अवसर पर आपातकाल स्मृति दिवस मनाया गया। आपातकाल एवं सविधान हत्या दिवस के क्षणों को छायाचित्र प्रदर्शनीय के माध्यम से महत्वपूर्ण घटनाओं को प्रदर्शित किया गया जिसमें भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय, आपातकाल की शुरूआत अनैतिक संशोधनों से सविधान पर हमला, मीडिया, न्यायपालिका और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन एवं आपातकाल की भयावह कहानिया शामिल थे।

बीजापुर प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी सहित जनप्रतिनिधियों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थी द्वारा तिरंगा यात्रा भी निकाला गया। तिरंगा यात्रा को विधायक श्री चैतरात अटामी ने रवाना करते हुऐ स्कूली बच्चों को राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण, की भावना हमेशा रखने की समझाइस दी।तिरंगा यात्रा सांस्कृतिक भवन मैदान से जिला कार्यालय होते हुऐ पुनः सांस्कृतिक भवन वापस पहुंचे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया, श्री नरवेद सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण, शिक्षण-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### दिशा की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**महासमुंद, 26 जून ।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक आज जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। सांसद श्रीमती चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, जनपद प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, वन मंडलाधिकारी श्री मयंक पांडेय, सीईओ जिला पंचायत श्री एस. आलोक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाए ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और अनेक योजनाएं चल रही हैं, लेकिन इनका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर इन्हें धरातल पर उतारें।

### स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण 29 जून को शिविर पुलिस लाइन परसदा में होगा

**महासमुंद, 26 जून ।** जिले में संचालित स्कूल बसों की सुरक्षा और मानकों की जांच सुनिश्चित करने हेतु परिवहन विभाग द्वारा 29 जून 2025 को निरीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर महासमुंद स्थित पुलिस लाईन परसदा में सुबह 10:00 बजे से आयोजित होगा।

जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर महासमुंद, पिथौरा एवं बागबाहरा तहसील के अंतर्गत संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थानों की स्कूल बसों के भौतिक निरीक्षण हेतु आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक स्कूल बस का तकनीकी परीक्षण, फिटनेस जांच एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा की जाएगी। परिवहन अधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधन, वाहन मालिकों, वाहन चालकों एवं परिचालकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि पर वाहन तथा सभी वैध दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई वाहन शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस वाहन का फिटनेस निलंबन/निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ जल जीवन मिशन को मिली नई गति

**मोहला 26 जून ।** धरती आबा जन अभियान के तहत ग्राम पंचायत शेरपार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक विशेष ग्राम जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं जल संरचनाओं के रखरखाव पर विस्तृत जानकारी दी गई। क्लस्टर अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा, बिटेझर, शेरपार, डालाकसा, बिरही, मुकदहा, मुचर, कुम्हली, अडमागोंदी के ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मोहला के कार्यपालन अभियंता महेश साहू व सहायक कार्यपालन अभियंता ए.पी.शर्मा के निर्देशन में ग्रामीणों को बताया गया कि जल संरचनाओं का उपयोग सही ढंग से कैसे किया जाए। पानी की टंकी में पूर्ण जल भराव के बाद ही सप्लाई चालू करने, हर घर में नल की टोटी लगाने और ऊंचाई वाले इलाकों में वाल चेंबर के समयानुसार उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही वर्षा जल संचयन, तालाबों के संरक्षण और वाटरशेड विकास पर जोर दिया गया। शिविर में जनपद सदस्य कनक नागवंशी, सरपंच श्रीमती जया मांडवी, गणेश्वरी नूरेटी, समारी बाई मांडवी, जोगेंद्र कुमार, सचिव प्रीतराम टेकाम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव, 26 जून ।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम पलारी निवासी बुधराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी राजकुमारी मरकाम को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम जामपदर निवासी रोहित की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मंगलदई सोरी, पिता कमलुराम सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम चलका निवासी सखाराम कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी जयमनी कोर्राम को, कोण्डागांव तहसील ग्राम बयानार सोनधर नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रनोती नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# देश सबसे बड़ा और संविधान ही सर्वोपरि:उप मुख्यमंत्री साव

**महासमुंद 26 जून।** वर्ष 1975 में आज ही के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज 'संविधान हत्या दिवस' के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के मीसा बंदियों के परिजनों को सम्मानित किया गया, साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया। छत्तीसगढ़ हायर सेकेण्डरी स्कूल महासमुंद में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र श्रीमती रूपकुमारी चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री श्री पूनम चंद्राकर, श्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी, मीसाबंदी श्री मोहन चोपड़ा, श्री मणिलाल चंद्राकर एवं श्रीमती उर्मिला अमृत साहू उपस्थित थे।



जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर 12.00 बजे छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। द्वितीय सत्र में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आपातकाल पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हत्या दिवस के इस अवसर पर हम सभी एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बात को समझने कि आवश्यकता है कि आपातकाल क्यों लगाया गया। उस समय महंगाई और अराजकता चरम पर थी, जनता के मन में असंतोष था। इसी असंतोष को दबाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा आपातकाल लगा दिया गया। ये दिवस जब हम मना रहे हैं ये इस बात को बताता है कि हम सभी मीसा बंदियों के दर्द को समझते हैं ।

# छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं के लिए नि :शुल्क शिक्षा, 28 और 30 जून तक आवेदन करें



**हैदराबाद, 26 जून।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल -रु39 बालिका शिक्षा योजना-रु39 के लिए आवेदन आमंत्रित करके और अपोलो विश्वविद्यालयए चित्तूर के साथ साझेदारी में एक परिवर्तनकारी -रु39 चिकित्सा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम-रु39 का शुभारंभ करके समावेशी विकास और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है । इसका उद्देश्य आदिवासी युवाओं के लिए अवसरों की कमी को पूरा करना है। बालिका शिक्षा योजना आदिवासी बालिकाओं एसटी के लिए इस प्रमुख पहल के तहतए एनएमडीसी बस्तरए दंतेवाड़ा सुकमा कोंडागांव बीजापुर और नारायणपुर की युवा आदिवासी बालिकाओं को अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग यशोदा स्कूल ऑफ नर्सिंग और केआईएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंगए हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में बीएससी नर्सिंग 4 वर्ष और जीएनएम 3 वर्ष पाठ्यक्रम करने के लिए 100ः निःशुल्क नर्सिंग शिक्षा प्रदान कर रहा है। पाठ्यक्रम में कुल 200 सीटें हैं जिनमें बीएससी नर्सिंग के लिए 110 सीटें और जीएनएम जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी के लिए 90 सीटें शामिल हैं । कार्यक्रम में ट्यूशन छात्रावास और शैक्षणिक लागत सहित सभी शैक्षिक व्यय को प्रति छात्र 12 से 15 लाख के निवेश के साथ कवर किया जाएगा । आवेदक के परिवार की आय प्रति वर्ष 72.000 से अधिक नहीं होनी चाहिए । आवेदन विंडो 28 जून 2025 को बंद हो जाएगी। 2ण् चिकित्सा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम दृ वंचित बालक और बालिकाओं के लिए एनएमडीसी दंतेवाड़ा और बस्तर जिलों के पात्र अनुसूचित जनजाति एसटी छात्रों के लिए अपोलो विश्वविद्यालयए चित्तूर के साथ साझेदारी में पूर्णतः प्रायोजित संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा प्रदान कर रहा है। प्रति छात्र लगभग 12 से 15 लाख के निवेश के साथ पूरी तरह से प्रायोजित इस पहल का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को आजीविका के लिए पेशेवर कौशल से युक्त करना है। कार्यक्रम आकांक्षा छात्रों के लिए 90 सीटें प्रदान करेगा 60 बालिकाओं के लिए और 40 बालकों के लिए आरक्षितद्ध। इन विशेष बीएससी कार्यक्रमों में शामिल हैं. आपातकालीन चिकित्सा प्रौद्योगिकीए चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकीए एनेस्थिसियोलॉजी और ऑपरेशन थियेटर तकनीशियनए इमेजिंग प्रौद्योगिकीए चिकित्सक सहायक और रीनल डायलिसिस प्रौद्योगिकी। इसके लिए आवेदन 30 जून 2025 तक खुले हैं। एनएमडीसी ने 60 से अधिक वर्षों से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति दी है ।

# तिरंगा रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से लिया हिस्सा



**महासमुंद, 26 जून ।** जिला प्रशासन महासमुंद के तत्वावधान में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं सीईओ जिला पंचायत श्री एस. आलोक के दिशा निर्देश में हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय आदर्श महासमुंद के सभा कक्ष में मीसाबंदी विषयक संगोष्ठी एवं देशभक्ति पूर्ण तिरंगा रैली का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण से हुई जहां अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली को रवाना किया। कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे, डीएमसी श्री रेखराज शर्मा, खेल अधिकारी सुश्री अंजली बरमाल के मार्गदर्शन में किया गया।यह रैली स्काउट-गाइड, एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस तथा विभिन्न शालाओं से आए छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी से नगर के प्रमुख चौको महात्मा गांधी चौक, टाउन हॉल होते हुए सेजेस विद्यालय सभा कक्ष में एक सभा में परिवर्तित हुई।सभा में नगर के प्रख्यात साहित्यकारों एवं कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से छात्रों के भीतर देशभक्ति और लोकतंत्र के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। श्री उमेश भारती ÷मृदुल÷ ने अपनी प्रेरणादायक कविता ÷धरती चलती तारे चलते, चांद रात भर चलता है। किरणों का उपहार बांटने, सूरज रोज निकलता है।÷

सेजेस के प्राचार्य श्री हेमेन्द्र आचार्य ने सुनाकर वातावरण को भाव विभोर कर दिया। श्री टेकराम सेन चमक ने वंदे मातरम्, भारत भाग्य विधाता जैसी ओजपूर्ण रचना से देशप्रेम का मंत्र फूंका। श्री सुरेंद्र अग्निहोत्री आगी ने थे प्रताड़ित मीसा के बंदी, अभिव्यक्ति पर लगी पाबंदी, शासक मनमानी तानाशाही, देता इतिहास है यही गवाही। संपूर्ण क्रांति की बिगुल बजी तब, हुआ सबेरा बता रहा हूं। के माध्यम से मीसाबंदियों की पीड़ा व वीरता को स्वर दिया। वहीं श्री भागवत जगत भूमिल ने जो देशहित से डिग जाये, वह बिस्मिल या अशफ़ाक नहीं। संविधान की हत्या जो करता, उनसे उम्मीद की बात नहीं। जैसी प्रेरक रचना प्रस्तुत कर सबको गदगद कर दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू ने कहा कि ÷भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और विस्तृत संविधान है, जिसे सभी को समझना, सम्मान देना और पालन करना चाहिए। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है, इसकी गरिमा हर घर तक पहुँचे यह हम सभी का संकल्प होना चाहिए।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए शिविर 27 जून को

**महासमुंद, 26 जून।** केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988, मोटरयान नियम 1989 एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर 2018 को जारी अधिसूचना तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है।

उक्त आदेश के प्रचार-प्रसार एवं नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद के मार्गदर्शन में 26 एवं 27 जून 2025 को नगरपालिका सरायपाली सभाकक्ष में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजन प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक उपस्थित होकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।

# शाला प्रवेशोत्सव में ओपी चौधरी ने छात्रों से कहा-जीवन में हमेशा बनाए रखें सीखने की ललक

**रायगढ़, 26 जून।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने स्कूली बच्चों से कहा कि सिर्फ नाम की डिग्री के लिए पढ़ाई काफी नहीं है, व्यवहारिक ज्ञान और जरूरी स्किल्स जीवन में सफलता के मुकाम तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने नटवर इंग्लिश स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने बच्चों को नए शिक्षण सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खूब मेहनत करें, देश दुनिया में क्या घट रहा है उसके प्रति जागरूक रहें, अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य बनाएं, उसे पाने के लिए अपना शत-प्रतिशत प्रयास करें और कुछ नया सीखने की ललक को हमेशा बनाए रखें। यह सब सर्वांगीण विकास की राह पर आपको आगे लेकर जाएंगे।



जीवन में व्यवहारिक ज्ञान के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि कैसे प्राइमरी स्कूल में मिली एक सीख ने उनकी पूरी जिंदगी की दशा और दिशा बदल दी। स्कूल के टेस्ट में जवाब को रट कर नहीं, बल्कि समझ कर अपने शब्दों में लिखने के अभ्यास ने उन्हें अपनी सोच और कल्पनाओं को लिखित रूप में व्यक्त करने का कौशल सिखाया, जिसने आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन की नींव रखी।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति, जिला, प्रदेश व देश में बदलाव के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदौलत क्या कुछ हासिल किया जा सकता है इसका उदाहरण स्वयं उनका जीवन है। एक छोटे से गांव बायंग से निकलकर देश की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन, प्रदेश की राजधानी की कलेक्टरी के बाद अब प्रदेश के वित्त मंत्री का जिम्मा संभालना, यह सब शिक्षा से ही संभव हुआ है।आज की देश दुनिया ज्ञान आधारित है। जीवन में ज्ञान अर्जन के लिए सीखने की ललक होनी चाहिए। यह सोच न सिर्फ पढ़ाई-लिखाई का स्तर सुधारेगी, बल्कि नई नई चीजें सीखने में मददगार भी होगी। आज देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। करियर के कई नए विकल्प सामने आ रहे हैं, जो कुछ सालों तक नहीं थे। जिसने इनका महत्व समझकर समय से खुद को तैयार कर लिया, वह सफलता की सीढ़ियां चढ़ता जाएगा। आज अपने आस-पास देखें तो सफल लोगों में एक बात समान रूप से दिखेगी, वे सभी अपने फील्ड में काम करने और आगे बढने के लिए खुद को लगातार अपडेट कर रहे हैं। यह सीखने की ललक है जो उन्हें बाकी सबसे आगे रखती है।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरकार प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को खोलने में विशेष ध्यान दे रही है।

# ग्राम बिरकोनी, बडगांव एवं घोडारी में अवैध रूप से भंडारित लगभग 26050 घनमीटर रेत जब्त

**महासमुंद 26 जून।** खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम करने हेतु शासन एवं कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देशानुसार खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए आज ग्राम घोडारी, बढ़गांव एवं बिरकोनी तहसील व जिला महासमुंद में अवैध रेत भण्डारण का जांच किया गया। जांच के दौरान ग्राम घोड़ारी में शासकीय भूमि में लगभग 1600 घनमीटर रेत का भण्डारण ढेरियों में अलग-अलग जगह होना पाया गया। संयुक्त जांच दल द्वारा ग्राम बड़गांव में शासकीय भूमि खसरा नं 3790 तथा शासकीय भूमि खसरा नं. 3837 में अलग-अलग ढेरियों में लगभग 7600 घनमीटर रेत का अवैध भण्डारण किया जाना पाया।इसी प्रकार ग्राम बिरकोनी तहसील व जिला महासमुंद में अवैध रेत भण्डारण का जांच किया गया। जांच के दौरान ग्राम बिरकोनी में शासकीय भूमि एवं निजी भूमि में रेत का भन्डारण अलग-अलग ढेरियों में होना पाया गया। ग्राम बिरकोनी में कुल 16850 घनमीटर अवैध रेत भण्डारण होना पाया गया। जिसमें प्राथमिक आंकलन रेत भंडारित में रकबा भूस्वामियों सखाराम पिता बुधु, छगनूराम पिता आगामी आदेश पर्यन्त तक जब्त किया गया है।

# लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए करते रहेंगे काम:ओपी चौधरी

**रायगढ़, 26 जून।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य अतिथ्य में तमनार में पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि वे जब तक राजनीति में रहेंगे, वे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए 1 करोड़ 37 हजार रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उन्होंने पशुपालकों को सम्मानित करने के साथ ही तेन्दुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित किए।



वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के दूध उत्पादक पशुपालक सम्मिलित हुए हैं। वे बहुत अच्छे तरीके से गौ पालन कर रहे है, उनको बहुत-बहुत बधाई। गौ पालकों को किसी भी प्रकार की जरुरत होगी, हमारी सरकार गौ पालकों के साथ खड़ी है। हमारे पशुपालक अच्छी ब्रीड के पशुधन का पालन कर एक अच्छा संदेश दे रहे है कि किस प्रकार पशुधन से आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, तब से लोगों के आर्थिक स्तर में सुधार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहक के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि कर 4 हजार से 5 हजार 500 किया गया। वही तेंदूपत्ता संग्राहक दीदी-बहनों के लिए चरण पादुका योजना की शुरुआत भी की है। सरकार के बनते ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धान का बकाया बोनस वितरण करने के साथ ही धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए कर, प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। पीएम आवास एक महत्वपूर्ण योजना है, हमारी सरकार ने 18 लाख गरीबों के रुके हुए पीएम आवास को स्वीकृति देकर मकान निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। आज प्रत्येक गांव में पीएम आवास के कार्य हो रहे है। वही लगातार पीएम आवास के बजट में वृद्धि हो रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग पीएम आवास से लाभान्वित हो रहे है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि तमनार ब्लाक में लगभग 8 हजार 400 आवास स्वीकृत हुए है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण कर भगवान श्री राम को विराजमान करवाया गया। वहीं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने पहले ही बजट में श्री राम लाल दर्शन योजना की शुरुआत कर योजना के तहत श्रद्धालु को भगवान के दर्शन करवाने का कार्य किया। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना का संचालन किया जा रहा, ताकि महिलाएं अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने महतारी वंदन योजना की सफलता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज सारंगढ़ की महिलाएं महतारी वंदन योजना की राशि से भगवान श्री राम की मंदिर बना चुकी है। उन्होंने महिलाओं को सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी दी। उन्होंने महतारी वंदन योजना की बचत राशि को सुकन्या समृद्धि योजना में जमा करने के लिए प्रेरित किया, ताकि बच्चियों के भविष्य के लिए एक सुरक्षित राशि जमा हो सके, जो उनके शिक्षा एवं शादी में काम आ सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मांग रखे गए है। जिन्हे जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे कार्यों से राजनीतिक लाभ अधिक होता है लेकिन राजनीतिक लाभ से उठकर बड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाएगा।लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने मां बहनों की चरण पादुका योजना को बंद कर दी थी, लेकिन आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने हमारी माता बहनों के सम्मान में चरण पादुका योजना पुनः प्रारंभ कर समर्पित किया है। वहीं पशुधन विकास को लेकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसके तहत आज पशुधन मेला लगाया गया ताकि पशुपालकों को उन्नत किस्म के पशुओं की जानकारी हो और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

इस अवसर पर श्रीमती सुनीति राठिया, श्री सत्यानंद राठिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, जनपद अध्यक्ष श्री जागेश सिदार, जनपद उपाध्यक्ष गायत्री बेहरा, डीडीसी श्री रमेश बेहरा, श्री बंशीधर चौधरी एवं जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हर्षित राणा को टीम इंडिया से किया गया रिलीज



**बर्मिंघम, 26 जून।** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं। टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है। कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, 'मैंने अभी चीफसिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था। लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा।' 5 खिलाड़ियों के शतक के बाद भी हेडिंग्ले टेस्ट हारा भारत हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा।

### ऋषभ पंत ने टेस्ट करियर की बेस्ट रैंक हासिल की

**नई दिल्ली, 26 जून।** भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने बुधवार को टेस्ट करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल कर ली है। वे ICC की



ताजा टेस्ट रैंकिंग में नंबर-7 पर आ गए हैं। वहीं, भारतीय कप्तान शुभमन गिल 5 स्थान ऊपर आकर 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पंत ने लीड्स टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए थे। वे एंडी फ्लावर के बाद एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले दुनिया के दूसरे विकेटकीपर बने थे। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन स्कोर किए। बैटर्स रैंकिंग में पंत के 801 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा मिला है। वहीं, पहली पारी में 147 रन बनाने वाले कप्तान गिल ने 660 रेटिंग पॉइंट के साथ 5 स्थान की छलांग पारी है। भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था, जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। जीत के बावजूद इंग्लैंड को टीम रैंकिंग में एक अंक का नुकसान हुआ है। उसे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का पिछला साइकल जीतने वाली साउथ अफ्रीका ने पीछे छोड़ दिया। भारतीय टीम चौथे स्थान पर कायम है।

**ब्रिजटाउन टेस्ट**

# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 180 पर आउट

## हेड का अर्धशतक, सील्स 5, जोसेफ ने 4 विकेट लिए; पहले दिन वेस्टइंडीज 57/4



**ब्रिजटाउन, 26 जून।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने 4 विकेट खोकर 57 रन बना लिए हैं। ब्रैंडन किंग (23) और कप्तान रोस्टन चेज (1) नाबाद लौटे।

चार बल्लेबाज ही छू सके दहाई का आंकड़ा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का पहली पारी में काफी निराशाजनक प्रदर्शन रहा। टीम के केवल चार बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। ट्रेविस हेड 59, उस्मान ख्वाजा 47, कप्तान पैट कमिंस 28 और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने 11 रन बनाए।

सील्स 5 और जोसेफ ने 4 विकेट लिए वेस्टइंडीज की तरफसे पहली पारी में जेडन सील्स और शमार जोसेफने शानदार गेंदबाजी की। सील्स अपने 15.5 ओवरों के स्पेल में पांच विकेट झटके। जबकि जोसेफ ने 16 ओवरों के स्पेल में चार विकेट लिए। इन दोनों गेंदबाजों के अलावा जस्टिन ग्रीव्स ने एक विकेट हासिल लिया।

स्टंप तक वेस्टइंडीज ने भी चार विकेट गंवाए वेस्टइंडीज की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर क्रैग ब्रैथवेट (4) और जॉन कैंपबेल (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। उसके बाद केसी कार्टी ने 20 और जोमेल वार्रिकान बगैर खाता खोले ही आउट हो गए। टीम का स्कोर दिन की समाप्ति तक चार विकेट के नुकसान पर 57 रन है। पहले दिन कुल 14 विकेट गिरे।

**कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला**

## अर्ली टाइटल्ड ट्यूसडे टूर्नामेंट में किया कारनामा, भारत के वी. प्रणव बने चैंपियन



भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया। आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागननंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं।

### रिवर प्लेट पर 2-0 से जीत के साथ ग्रुप-ई में टॉप पर इंटर



रिवर के मजबूत डिफेंस ने ब्रेक तक मुकाबले को गोल रहित बनाए रखा। हाफटाइम से ठीक पहले, इंटर के फेडेरिको डिमार्को ने नियर पोस्ट पर एक खतरनाक क्रॉस फायर किया, लेकिन सेंटर-बैक पाउलो डियाज ने एस्पोसिटो को गेंद पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए लंजिंग क्लीयरेंस किया। 49वें मिनट में रिवर ने इंटर को खतरे में डाल दिया, लेकिन गोल नसीब नहीं हुआ। फ्रांसेस्को एस्पोसिटो और एलेसेंड्रो बस्टोनी के गोल की मदद से एफसी इंटरनेशनल मिलान फीफा क्लब विश्व कप 2025 के अंतिम-16 में पहुंच चुकी है। इंटर ने गुरुवार को रिवर प्लेट के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की है। इसी के साथ टीम ग्रुप-ई में शीर्ष पायदान पर पहुंच गई। इंटर ने 26वें मिनट में अपना पहला मौका बनाया, लेकिन इसे भुनाया नहीं जा सका। उसके पास 32वें मिनट पर गोल करने का एक और अच्छा मौका था, लेकिन टीम यह चांस भी चूक गई। रिवर के मजबूत डिफेंस ने ब्रेक तक मुकाबले को गोल रहित बनाए रखा। हाफटाइम से ठीक पहले, इंटर के फेडेरिको डिमार्को ने नियर पोस्ट पर एक खतरनाक क्रॉस फायर किया, लेकिन सेंटर-बैक पाउलो डियाज ने एस्पोसिटो को गेंद पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए लंजिंग क्लीयरेंस किया। 49वें मिनट में रिवर ने इंटर को खतरे में डाल दिया, लेकिन गोल नसीब नहीं हुआ।

## कोलंबो टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश का स्कोर 220/8

- **शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए फर्नांडो, दिनुषा और विश्वा को 2-2 विकेट**



**कोलंबो, 26 जून।** बांग्लादेश के श्रीलंका दौरे का दूसरा मैच कोलंबो में खेला जा रहा है। बुधवार को मैच का पहला दिन है। स्टंप्स तक बांग्लादेश ने 8 विकेट पर 220 रन बना लिए हैं। तैजुल इस्लाम 9 और इबादत हुसैन 5 रन पर नाबाद हैं। श्रीलंका से असिथा फर्नांडो, सोनल दिनुषा और विश्वा फर्नांडो 2-2 विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। हालांकि टीम को पहला झटका 5 रन के स्कोर पर ही लग गया। अनमुल हक बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें असिथा फर्नांडो ने बोल्ड किया। दूसरा विकेट 43 रन के स्कोर पर गिरा। मोमिनुल हक 21 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें धनंजय डी सिल्वा ने आउट किया। लिटन दास (34 रन) के आउट होते ही टी-ब्रेक का ऐलान कर दिया गया। उन्हें सोनल दिनुषा ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराया। उन्होंने 67 रनों की पार्टनरशिप को ब्रेक किया। शादमान इस्लाम 46, कप्तान नजमुल हसन शांतो 8 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो और सोनल दिनुषा 2-2 विकेट ले चुके हैं।

### पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश ने पांचवें दिन दूसरी पारी 285/6 के स्कोर पर डिक्लेयर कर दी। श्रीलंका को जीत के लिए 296 रन बनाने थे। जब मैच ड्रॉ हुआ, तब श्रीलंका का स्कोर 72/4 था। गॉल टेस्ट में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने पहली पारी में 495 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम पहली पारी 485 पर ऑलआउट हुई। पांचवें दिन बारिश की वजह से मैच कई बार रुका था।

### टेस्ट के बाद वनडे सीरीज

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। पहला वनडे 2 जुलाई और दूसरा 5 जुलाई को कोलंबो में खेला जाएगा। तीसरा और आखिरी वनडे 8 जुलाई को पल्लेकेले में होगा।

**वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम**

मेहदी हसन मिराज (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, नईम शेख, नजमुल हुसैन शांतो, तौहीद हृदोय, लिटन दास, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, रिशाद हुसैन, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा।

## समाचार संक्षेप

### लामिन यामाल के साथ छुट्टी बिताने पर स्पैनिश मॉडल ने किया खुलासा



*बार्सिलोना के 17 साल के सुपरस्टार फुटबॉलर लामिन यामाल ला लीगा और कोपा डेल रे जीतने के बाद अपनी छुट्टियों का मजा ले रहे हैं। लेकिन उनकी इन छुट्टियों ने स्पेन में काफी हलचल मचा दी है। उनकी सोशल मीडिया एक्टिविटी से पता चला कि वह अपनी छुट्टियां स्पैनिश इन्फ्लुएंसर फाति वाजक्वेज के साथ मना रहे थे। इंस्टाग्राम पर दोनों द्वारा पोस्ट की गई कई तस्वीरों में ऐसा लग रहा था कि वे एक ही समय पर एक ही जगह पर थे। दोनों की एक फोटो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दोनों एक साथ जेटस्की पर नजर आ रहे हैं। हालांकि, अब फाति वाजक्वेज ने अपने और यामाल के रिश्ते की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। फाति वाजक्वेज ने समझाया कि उन्होंने यामाल के सोशल मीडिया पर इनवाइट करने पर साथ में इटली में कुछ ही दिन बिताए। उन्होंने कहा, 'हम दो लोग थे जो अच्छा समय बिताना चाहते थे और बस यही बात थी।'*

## सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई

- **फोटो पोस्ट कर दी जानकारी, लिखा- सर्जरी के बाद रिकवरी कर रहा हूं**



**नई दिल्ली, 26 जून।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्यूनिख में पेट की दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ। 34 साल के सूर्या ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।'

अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगी टीम इंडिया भारतीय टीम को अगस्त महीने में बांग्लादेश का दौरा करना है। टीम को वहां 17 अगस्त से 3 वनडे और 3 टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होगी। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई है।

मुंबई की ओर से 700 से ज्यादा रन बनाए सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए 700 से अधिक रन बनाए। फिर वे मुंबई प्रीमियर लीग टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

सूर्या ने 2021 में इंटरनेशनल डेब्यू किया सूर्यकुमार यादव ने मार्च 2021 में भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की। पहले ही मैच में उन्होंने छक्के से शुरुआत की। उनका वनडे डेब्यू भी 2021 में हुआ। फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका टेस्ट डेब्यू हुआ, हालांकि यह उनका एकमात्र टेस्ट मैच है। उन्होंने अब तक 83 टी-20 मैचों में 2598 रन बनाए हैं। वहीं, 37 वनडे में उनके नाम 773 रन हैं।


## व्यापार

# मेटल और ऑटो शेयरों में उछाल से 83,000 के पार पहुंचा सेंसेक्स

**नई दिल्ली, 26 जून।** भूराजनैतिक तनाव में कमी आने से दुनियाभर के शेयर बाजारों में निवेशकों का कॉन्फिडेंस मजबूत हुआ है। भारतीय शेयर बाजार भी आज गुरुवार को हरे निशान पर ट्रेड कर रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 127 अंक की बढ़त लेकर 82,882.92 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 360 अंक बढ़कर 83,135 पर जा पहुंचा। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी शुरुआती कारोबार में 0.15 फीसदी या 38.20 अंक की बढ़त के साथ 25,290 पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

### सेंसेक्स के इन शेयरों में दिख रही तेजी

सेंसेक्स पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बीईएल और भारती एयरटेल में देखने को मिली। इसके अलावा, जोमैटो, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, मारुति, टाटा मोटर्स, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एचयूएल, एशियन पेंट, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक, इन्फोसिस,





एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, रिलायंस और ट्रेंट के शेयर में भी तेजी देखने को मिली। वहीं, एसबीआई, कोटक बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखाई दिए।

### एनएसई के ये शेयर सबसे अधिक उछले

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शुरुआती कारोबार में सबसे अधिक तेजी ऑर्बिट एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के शेयर में 20 फीसदी देखने को मिली। इसके अलावा, IND-SWIFT LIMITED के शेयर में 19.95 फीसदी, ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयर में 11 फीसदी, प्रभा एनर्जी के शेयर में 8 फीसदी और एबीएम इंटरनेशनल के शेयर में 8.78 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है।

### सेक्टरोल सूचकांकों का हाल

सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो शुरुआती कारोबार में निफ्टी ऑटो में 0.27 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 0.21 फीसदी, निफ्टी मेटल में 0.92 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.15 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 0.07 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.37 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.47 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 0.37 फीसदी और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज एक्स-बैंक में 0.47 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। इससे इतर निफ्टी आईटी में 0.32 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 0.26 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.01 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.12 फीसदी और निफ्टी रियल्टी में 0.80 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है।

### अमेरिकी मार्केट में भारी तेजी का भारत में भी दिखा असर

ईरान और इजराइल में सीजफायर के लिए सहमति बनने के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी देखने को मिली है। इसका सीधा असर आज भारतीय शेयर बाजार पर भी देखने को मिला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 393 अंक की बढ़त लेकर 82,448.80 पर खुला है। शुरुआती कारोबार में यह 468 अंक की तेजी के साथ 82,514 पर ट्रेड करता दिखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स पैक के 30 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान पर और 4 शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखाई दिए। वहीं, शुरुआती कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 0.47 फीसदी या 116 अंक की बढ़त के साथ 25,166 पर ट्रेड करता दिखाई दिया। सेक्टोरल सूचकांक की बात करें, तो शुरुआती कारोबार में सबसे अधिक तेजी निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.02 फीसदी देखने को मिली। इसके अलावा, निफ्टी ऑटो में 0.59 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 0.66 फीसदी, निफ्टी आईटी में 0.85 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 0.50 फीसदी, निफ्टी मेटल में 0.54 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.37 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.22 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 0.19 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 0.37 फीसदी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.73 फीसदी की तेजी देखने को मिली।

# सोना सस्ता हुआ, चांदी में दिखी तेजी

## सोना 127 गिरकर 97030 पर आया, चांदी 1325 बढ़कर 1.06 लाख किलो बिक रही

**नई दिल्ली, 26 जून।** सोने के दाम में आज यानी 26 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 127 गिरकर 97,030 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 97,157 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,325 बढ़कर 1,06,525 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,200 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,868 रुपए बढ़कर 97,030 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017



रुपए प्रति किलो से 20,805 रुपए बढ़कर 1,06,525 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना:** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अभी भी जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

# भारत में करोड़पतियों की संख्या बढ़ी

## 2029 तक 55% बढ़ने का अनुमान: नए करोड़पति जयपुर व इंदौर सहित इन शहरों से सामने आए

**नई दिल्ली, 26 जून।** भारत में 2024 से 2029 के बीच डॉलर करोड़पतियों की संख्या में 55% से अधिक की वृद्धि होगी। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की ताज़ा रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। ये वे लोग हैं जिनके पास एक मिलियन डॉलर (लगभग 8.3 करोड़ रुपये) या उससे अधिक की वित्तीय संपत्ति होती है। युवा उद्यमियों और करोड़पतियों की बढ़ती संख्या के साथ AI और तकनीकी बदलाव वेल्थ मैनेजमेंट इंडस्ट्री में नई दिशा तय करेंगे। यह वृद्धि वैश्विक औसत 21% के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा है। BCG के अनुसार, 2014 से 2024 के बीच एशिया-प्रशांत क्षेत्र में वित्तीय संपत्ति की 50% जैविक वृद्धि दर्ज की गई, जो यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित क्षेत्रों से काफी अधिक थी। भारत जैसे उभरते बाजारों ने इस क्षेत्र की वृद्धि में अहम भूमिका निभाई है और आने वाले वर्षों में भारत पूरे क्षेत्र का नेतृत्व करता दिख सकता है।

इस रिपोर्ट में कहा गया कि पहली बार संपत्ति बनाने वालों की एक नई पीढ़ी सामने आई है – मिलेनियल उद्यमी, युवा कॉर्पोरेट लीडर्स और स्टार्टअप संस्थापक हैं। ये लोग न सिर्फ तेज़ी से अमीर बन रहे हैं, बल्कि वे आधुनिक तकनीकों और सेवाओं की मांग भी कर रहे हैं, जिससे वेल्थ मैनेजमेंट इंडस्ट्री का स्वरूप बदल रहा है। BCG के पार्टनर मयंक झा ने कहा कि आने वाले समय में AI और जनरेटिव AI की तकनीकें धन प्रबंधन सेवाओं में पूरी तरह एकीकृत हो जाएंगी।

### भारत की वित्तीय संपत्ति में भी बड़ी छलांग

BCG के अनुसार, 2023 से 2024 के बीच भारत की वित्तीय संपत्ति में 10.8% की वृद्धि हुई है, जो एशिया-प्रशांत के औसत 7.3% से कहीं अधिक है। भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और बढ़ते निवेश रुझान इसे वित्तीय संपदा के वैश्विक बदलाव का इंजन बना रहे हैं।

### कौन होंगी विजेता कंपनियां ?

BCG के एक और वरिष्ठ साझेदार माइकल कालिच ने कहा कि अब कंपनियों की सफलता सिर्फ बड़े बैंकर या मार्केट प्रदर्शन से तय नहीं होगी। जो कंपनियां जानबूझ कर ब्रांड, सलाहकार दक्षता और युवा ग्राहकों के साथ जुड़ाव में निवेश करेंगी, वही भविष्य की मार्केट लीडर बनेंगी।

# जुलाई महीने में 13 दिन बंद रहेंगे बैंक

- **4 रविवार, 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 7 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा**

**नई दिल्ली, 26 जून।** अगले महीने यानी जुलाई में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 13 दिन बैंक बंद रहेंगे। 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको इस महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं। यहां देखें जून महीने में आपके राज्य और शहर में बैंक कब-कब बंद रहेंगे...



**शिलॉन्ग में 12 से 14 जुलाई तक लगातार 3 दिन बैंक बंद:** शिलॉन्ग में 12 से 14 जुलाई तक लगातार 3 दिन बैंकों में कारोबार नहीं होगा। 12 जुलाई को दूसरा शनिवार, 13 जुलाई को रविवार और 14 जुलाई को बेह दीन्खलाम के चलते शिलॉन्ग में बैंक बंद रहेंगे। वहीं गंगटोक में 26 से 28 जुलाई तक बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

**ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम:** आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और UPI के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्र. 202506101000171/ अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/क्रेता श्रीमती यासमीन सुल्ताना पति मो. ए. रहमान निवासी कोहका द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. दुर्ग 1, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1703/20 रकबा 1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता कोल्लुरू श्री रामा मूर्ति आ. स्व. कोल्लुरू कामेश्वरराव से क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**E-mail-eeresdvgariyaband@gmail.com**

**मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 07/2025-26 (द्वितीय आमंत्रण)**

**क्रमांक/860/निविदा/ग्रा.यां.से./2025-26** **गरियाबंद, दिनांक 24/06/2025**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित जीर्णोद्धार कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 30.06.2025**
**2 कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 02.07.2025**
**3 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 03.07.2025**
**निविदा निम्नानुसार है:-**

| सं. क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख रू. में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जोनल निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग- देवभोग अंतर्गत विभिन्न भवनों में विद्युतीकरण कार्य जिसकी लागत 20.00 लाख से कम है। (वर्ष 2025-26) | 20.00 | 15000 |

उपरोक्त प्रत्येक निर्माण कार्यों की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750 रूपये की डी.डी. कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गरियाबंद के नाम से संलग्न किया जाना है। जिसकी अंतिम तिथि 30.06.2025 है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट res.cg.gov.in में दिनांक 24.06.2025 से डाउनलोड की/देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग गरियाबंद**

जी-252601766/3

# पाखंडी बाबा के आश्रम से मिले सेक्स टॉयज और कई आपत्तिजनक सामान डोंगरगढ़ में गोवा जैसा आश्रम, जांच जारी

## प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू (45 साल) जटाधारी साधु के वेश में रहकर आश्रम चलाता था



सेठ श्री बालकिशन प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल फाउंडेशन के नाम से है आश्रम

**डोंगरगढ़, 26 जून।** छत्तीसगढ़ की पवित्र नगरी डोंगरगढ़ में एक पाखंडी बाबा पकड़ा गया है। प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू (45 साल) जटाधारी साधु के वेश में रहकर आश्रम चलाता था। 25 जून को पुलिस ने उसके आश्रम में रेड मारी जहां से आपत्तिजनक सामान और नशीले पदार्थ। पुलिस की कार्रवाई में आश्रम से 2 किलो गांजा, सेक्स टॉय, नशीली गोलियां, वियाग्रा टेबलेट और इंजेक्शन मिले हैं। बताया जा रहा है, तरुण 20 साल से गोवा में था, वहीं से उसने योग सिखा, वहां विदेशियों को योग सिखाता था, डोंगरगढ़ में पिछ्ले डेढ़ साल से साधु के वेश में रह रहा है।

**20 साल से गोवा में था तरुण-** गोवा में तरुण 20 साल तक रहा। वहां उसने विदेशी पर्यटकों को योग सिखाने के नाम पर एक नेटवर्क बनाया था। डोंगरगढ़ में भी वह इसी तरह का मॉडल शुरू करना चाहता था। उसने यहां एक आश्रम बनाया और लोगों को बताया कि वह गोवा जैसा हेरिटेज योग सेंटर खोल रहा है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को 100 देशों में घूम चुका अंतरराष्ट्रीय योगगुरु बताया। उसने 10 से अधिक एनजीओ का डायरेक्टर होने और विदेशी फंडिंग का दावा भी किया है। पुलिस अब इन एनजीओ, उसके पासपोर्ट, बैंक खातों और सोशल नेटवर्क की जांच कर रही है।







### योग सिखाने के नाम पर युवाओं को टारगेट किया

पुलिस के मुताबिक, आश्रम में जब उसे हैवी नशा करने वाले लड़के नहीं मिले तो वह गांजा रखने लगा। योग सिखाने के नाम पर युवाओं को निशाना बनाया। आश्रम में रोजाना रात में लड़कों का जमघट रहता था। लंबे समय से पुलिस को शक था। कई बार रात में पेट्रोलिंग के दौरान भी युवकों को आते जाते देखा गया था। जिसके बाद पुलिस ने 24 जून को रेड मारी। फिलहाल आश्रम को सील कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी आश्रम को सर्वसुविधायुक्त बना रहा था। अंदर बने रूम बाथरुम में टाइल्स मार्बल लग गए थे।



### विदेश से मंगाए गए बॉक्स भी मिले

एसडीओ आशीष कुंजाम के मुताबिक, आरोपी के फार्महाउस से करीब कुछ वीडियो उपकरण और विदेश से मंगाए गए बॉक्स भी बरामद हुए हैं। साइबर सेल इनकी जांच कर रही है।

### आरोपी का फैमिली बैकग्राउंड

आरोपी का परिवार डोंगरगढ़ का मूल निवासी है। शहर में सेठ परिवार के नाम से जाना जाता है। उनका आश्रम भी सेठ श्री बालकिशन प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल फाउंडेशन के नाम से है। आरोपी ने डेढ़ साल पहले 6 करोड़ में इस आश्रम को खरीदा था। जो अब भी अंडर कंस्ट्रक्शन है। उनके बड़े भाई ठेकेदारी करते है जो अग्रवाल समाज के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिता का बहुत पहले देहांत हो चुका है। एक मंझले भाई की फॉर्चून की दुकान है। वर्तमान में आरोपी तरुण कथित गुरु के नाम से प्रचलित है।

### गोवा रहकर योग सीखा फिर विदेशियों को भी योग सिखाया

आरोपी के पास अलग-अलग देश के योग के सर्टिफिकेट भी हैं। गोवा में भी तरुण की कई प्रॉपटी है। 2 साल पहले वह डोंगरगढ़ आया, यहां जमीन खरीदी और फॉर्म हाउस बनाकर साधु के भेष में रह रहा था, वे लोग फार्महाउस को आश्रम कहते थे।

## समाचार संक्षेप



सिल्वर गाउन में राशा ठडानी ने ढाया कहर।

## एक नजर

### नगर निगम के 35 नए उप अभियंताओं के लिए कार्यशाला आयोजित

**रायपुर, 26 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र के निर्देश पर नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर ने नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित निगम सामान्य सभा सभागार में कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर,सहित सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल, उप अभियंता सु अर्जिता दीवान की उपस्थिति में रायपुर नगर पालिक निगम के 35 नए उप अभियंताओं को मैजरमेंट बुक रिकार्ड, निविदा प्रक्रिया एवं गुड कंस्ट्रक्शन प्रेक्टिसेज पर कार्यशाला में तकनीकी गुर सिखलाये।

### क्रमोन्नति समेत कई मांगों को लेकर शिक्षक 1 जुलाई से हड़ताल पर

**रायपुर, 26 जून।** शिक्षक संगठनों ने युक्तियुक्तकरण में हुई भर्राशाही तथा प्राचार्यों के क्रमोन्नत वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर एक जुलाई को हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। राज्य में शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, लेकिन पहली से लेकर 8वीं तक की पाठ्यपुस्तकें नहीं मिल रही है जिसे छात्र परेशान है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा युक्तियुक्तरण की प्रक्रिया में भारी भर्राशाही की गई है, जिससे शिक्षकों में रोष है। शिक्षक संघ के विकास राजपूत एवं विरेन्द्र दुबे ने बताया कि राज्य में प्राध्यापकों और प्राचार्यों को पदोन्नति नहीं दी जा रही है। जिसके कारण 250 स्कूलों प्रभारी प्राचार्य काम कर रहे हैं। इस पदोन्नति में बीएड उपाधि धारी प्राचार्यों को भी प्राथमिकता देने की मांग की गई है। शिक्षक संघक` अनुसार युक्तयुक्तकरण तथा पदोन्नति को लेकर हाई कोर्ट में कई याचिका दायर की गई है , जिसका सुनवाई होना शेष है।

### मालवीय मार्ग, दलदल सिवनी मार्ग में अभियान चलाकर अवैध ठेलों को हटाया

**रायपुर, 26 जून।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार टीम प्रहरी ने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रो में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सड़क यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्रवाई की।

### 27 को धूमधाम से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**रायपुर, 26 जून।** राजधानी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। राजधानी के प्रमुख गायत्री नगर, टूरी हटरी तथा सदर बाजार से यह यात्रा निकलेगी। इसके पश्चात भगवान अपनी मौसी के यहां ठहरेंगे। मंदिर के प्रमुखों के अनुसार भक्तों को प्रसाद देने के लिए सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। राजधानी के मंगल बाजार ईदगाह भाठा, रामकुण्ड तथा अन्य स्थानों से भी रथयात्रा निकाली जाएगी।

### शीतला बाजार महामाया मन्दिर वार्ड में सड़क से रेत को तत्काल जप्त कर सड़क यातायात पुनः बहाल किया

**रायपुर, 26 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन के अंतर्गत शीतला तालाब महामाया मन्दिर वार्ड अंतर्गत सड़क मार्ग पर रखी गयी रेत को जेसीबी मशीन की सहायता से तत्काल जप्त कर सड़क यातायात को पुनः बहाल करने की त्वरित कार्यवाही जनशिकायत मिलते ही स्थल पर टीम को भेजकर की और जनशिकायत का त्वरित निराकरण किया.

## रिंग रोड में नो पार्किंग पर खड़ी 40 भारी मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई

**रायपुर, 26 जून।** रायपुर पुलिस ने रिंग रोड में नो पार्किंग पर खड़ी 40 भारी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए तीन ट्रक वाहन चालकों पर बीएनएस की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नम्बर 02 के सर्विस रोड पर लापरवाही पूर्वक नो पार्किंग में खड़े भारी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध अभियान कार्रवाई के निर्देश पर थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध एवं थाना प्रभारी यातायात भनपुरी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़े 40 भारी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई किया गया। बता दे कि शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नम्बर 01 व 02 में भारी मालवाहक वाहन चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक नो पार्किंग में वाहन खड़े कर दिया जाता है जिससे सामान्य यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है साथ ही सड़क दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है जिसे ध्यान में रखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ. प्रशांत शुक्ला के



मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध एवं थाना प्रभारी यातायात भनपुरी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए रिंग रोड नम्बर 02 में नो पार्किंग में खड़े 40 भारी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई तथा 03 ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 28 क्यू 2520 चालक रज्जू ठाकुर, ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 2231 चालक हिमाचल लोधी एवं ट्रक क्रमांक सीजी 19 एच 8372 चालक तेजराम साहू के विरूद्ध बीएनएस की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## मूसलाधार बारिश से थाने और घरों में भरा पानी

- प्रशासन ने रात में ही अवैध कब्जा हटाकर नालियों की कराई सफाई, लोगों को मिली राहत

**बलौदाबाजार, 26 जून।** जिले में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से लोगों के घरों से लेकर थाने तक पानी घुस गया है. कोतवाली थाने में भरा पानी सुबह तक नहीं निकल पाया है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा. वहीं प्रशासन ने रात में ही नाली से अवैध कब्जा हटाया और नालियों की सफाई की तब घरों में भरे पानी की निकासी होने से लोगों को राहत मिली. कोकडी ग्राम पंचायत में सड़क किनारे बसे लोगों ने नाली के ऊपर कब्जा कर लिया था, जिससे नाली की सफाई नही हो पाई थी. ग्राम पंचायत सचिव ने बरसात पूर्व सफाई करवाई थी पर कब्जाधारी लोगों ने साफ नहीं करने दिया. इसका परिणाम है कि एक दिन की बारिश में नाली से पानी निकास नहीं होने से घरों में पानी भर गया है. इसकी सूचना पर तहसीलदार राज पटेल तत्काल मौके पर पहुंचे और जेसीबी बुलाकर नाली के ऊपर से कब्जा हटवाया. नाली साफ करवा पानी निकलवाई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली. घरों में पानी भरने से करंट न फैले, इसके लिए बिजली आपूर्ति को बंद कर दी गई थी. पानी निकासी के बाद बिजली सप्लाई चालू की गई. बता दें कि नगर पालिका सहित आसपास के गांवों में अधिकतर जगह नालियों में लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिससे नालियों की बरार सफाई नहीं हो पा रही. इसके चलते बारिश में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा.

## स्वास्थ्य विभाग ने 58 मेडिकल अफसरों के किये तबादले

**रायपुर, 26 जून।** स्वास्थ्य विभाग ने देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 58 मेडिकल अफ्सरों का तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत डॉ. गार्गी यदु को धमतरी में मेडिकल अफ्सर के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, सिविल अस्पताल कुरूद में पदस्थ यू.एस. नवरत्न को गरियाबंद का नया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूाह्र) बनाया गया है। इसके अलावा गरियाबंद जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे डॉ. के.के. सहारे को रायपुर स्थित संचालनालय में प्रभारी संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। एक महिला चिकित्सक, जो अक्सर ड्यूटी रजिस्टर में ही उपस्थिति दर्ज करती थीं, ने स्वयं के खर्च पर राजनांदगांव जिला अस्पताल में तबादला करवा लिया है। तबादला सूची में गरियाबंद जिले को दो नए मेडिकल ऑफिसर्स भी मिले हैं, जिससे यहां स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### 65 हजार महिलाओं का निशुल्क ब्लड-टेस्ट

## एनीमिया मुक्त भारत बनाने प्रशासन का 'रक्त शक्ति महा-अभियान'




**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 26 जून।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को एनीमिया मुक्त बनाने और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने के उद्देश्य से प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है. प्रशासन ने ÷बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷ और ÷एनीमिया मुक्त भारत÷ अभियान के तहत 'रक्त शक्ति महा-अभियान' की शुरुआत की है. इस अभियान के तहत जिलेभर में कैंप लगाकर 13 वर्ष से 45 वर्ष तक की आयु वर्ग की महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया जा रहा है. यह पूरी प्रक्रिया निशुल्क है और इसका उद्देश्य महिलाओं में खून की कमी को समय रहते पहचानकर इलाज सुनिश्चित करना है.

### 230 स्थानों पर एक साथ चल रही जांच

जिले में कुल 230 स्थानों पर मेडिकल टीम लगाई गई है, जो एक ही दिन में व्यापक स्तर पर जांच कर रही हैं. पूरे अभियान में लगभग 65 हजार महिलाओं की जांच का लक्ष्य रखा गया है.

### अधिकारियों ने भी कराया हीमोग्लोबिन टेस्ट

इस महा अभियान की शुरुआत कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने की. उनके साथ अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, एसडीएम ऋचा चंद्राकर, सीईओ नम्रता शर्मा, जिला खेल अधिकारी संजीव डेविड और गौरेला नगर पालिका उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा ने भी अपना हीमोग्लोबिन टेस्ट कराकर अभियान को गति दी.

## कोयला खदान के लिए जंगल की कटाई का विरोध, ग्रामीणों को समर्थन देने पहुंची कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**रायगढ़, 26 जून।** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के मुड़ागांव और आसपास के जंगलों के पेड़ कटाई के विरोध में आज सुबह ग्रामीणों का समर्थन करने पहुंची लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि एक उद्योगपति को इलाके में कोयला खदान आबंटित हुई है. बीते कई दिनों से खदान के नाम हजारों पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे. क्षेत्र में जंगल की कटाई का विरोध एक दर्जन से भी अधिक गांव के लोग बीते एक महीने से कर रहे हैं. आज सुबह ग्रामीणों के समर्थन में लैलूंगा कांग्रेस विधायक विद्यावती सिडार पहुंची थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गांव के लोगों ने विधायक की गिरफ्तारी का विरोध किया है. तमनार क्षेत्र के मुडागांव में एक उद्योग समूह की एक परियोजना के लिए जंगल की कटाई शुरू की गई है. इस कार्य के लिए सैकड़ों पुलिस बल की तैनाती की गई है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में घने जंगल और जैव-विविधता से भरपूर वन क्षेत्र हैं, जो न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय आदिवासी समुदायों की आजीविका का भी आधार है.

## रायपुर-रायगढ़ में तेज बारिश 33 जिलों में यलो अलर्ट

- दुर्ग-राजनांदगांव में हवा की रफ्तार 60 किमी रहेगी

**रायपुर, 26 जून।** छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। रायपुर और दुर्ग में देर रात से सुबह तक तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है। बिजली गिर सकती है। 60 किमी की रफ्तार से हवा वहीं प्रदेश के उत्तरी हिस्सों के 7 जिलों और 26 अन्य जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने का यलो अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक हफ्तेभर बारिश की एक्टिविटी जारी रहेगी। उत्तर छत्तीसगढ़ के 7 जिले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर रामानुजगंज, सरगुजा, जशपुर और रायगढ़ में यलो अलर्ट है। वहीं अगले 3 घंटे सुबह 7 से 10 बजे तक बलौदा बाजार, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कोंडागांव, रायपुर,



कांकेर, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, मुंगेली, कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर में अंधड़ चलेगी, बौछारें पड़ेंगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो 24 से अधिक जिलों में 78 से ज्यादा जगहों पर बारिश हुई है। औसतन बारिश 26.03 स्रूदर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश 70 स्रू कोरिया जिले में हुई है। वहीं सबसे अधिक तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस रायपुर माना का रहा।

## पति-पत्नी मिलकर डकार रहे आदिवासी बच्चों का हकः तुलिका कर्मा

- मोखपाल के पोटाकेबिन मरम्मत में जमकर भ्रष्ट्राचार
- तुलिका कर्मा ने किया मोखपाल पोटाकेबिन का औचक निरीक्षण
- घटिया क्वालिटी की ईंट व सीमेंट से पोटाकेबिन का हो रहा मरम्मत

■ मुख्य नगर संवाददाता







**दंतेवाड़ा, 26 जून।** जिले में शिक्षा व्यवस्था पहले से ही बदहाल थी अब शिक्षा के मंदिर निर्माण में भी भ्रष्टाचार होने लगा है। मामला कटेकल्याण ब्लॉक के मोखपाल का है, जहां लाखों के लागत से मरम्मत हो रहे पोटाकेबिन में जमकर बंदरबांट हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने कर्मा ने बताया कि करोड़ो के लागत से मरम्मत हो रहे पोटाकेबिन और स्कूल में बीआरसी हीरालाल ओयामी द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करवाया जा रहा है। पोटाकेबिन में बन रहे बाथरूम में इतने घटिया क्वालिटी के ईंट उपयोग में लाए जा रहे हैं, जो छूने से टूट जा रहे हैं। इस मरम्मत कार्य की खास बात यह है कि बीआरसी हीरालाल ओयामी इस कार्य में एजेंसी की भूमिका में हैं और उनकी पत्नी शीला ओयामी इस कार्य में ठेकेदार की भूमिका में है। तुलिका ने कहा कि मरम्मत कार्य की लागत करोड़ों में हैं पर सीमेंट घटिया क्वालिटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मरम्मत हो चुके कमरों में फिर से पानी रिसने की शिकायत है,जिससे यह पता चल रहा है निर्माण कार्य की गुणवत्ता क्या है। सही मायनों में देखा जाए तो यह कहा जा सकता है यह मरम्मत कार्य सिर्फ कागजों में हो रहा है। इस मरम्मत कार्य को देखने व गुणवत्ता परखने जिले से कोई बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा है, जिससे मनमानी ढंग से ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है। तुलिका ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई अनियमितता सामने आई, जिसे लेकर वह जल्द उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर कार्य दूसरे ठेकेदार को देने की मांग रखेंगी। उन्होंने बताया पति-पत्नी मिलकर करोड़ो ढकारने के चक्कर में है, लेकिन इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में लगातार आदिवासी बच्चों के अधिकार का छीनने का प्रयास हो रहा है। शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है, जिससे दंतेवाड़ा जिला फिर से अंधकार मय हो रहा है। वहीं कुआकोंडा 01 में पोटाकेबिन का निर्माण कराया जा रहा है जो धीमे गति से कार्य होने के कारण अभी तक अधूरा है। यह पोटाकेबिन भी नियत समय में तैयार नहीं होने के कारण आने वाले दिनों में बच्चों को काफी परेशानी होगी। तुलिका ने कहा कि सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है पर कटेकल्याण में अब उल्टा है। बच्चों के आने से पहले सभी पोटाकेबिन की व्यवस्था बदहाल है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26